इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव




वर्ष- 44 अंक - 243 राजनांदगांव, सोमवार 21 जुलाई 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

# संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार सरकार, रिजिजू बोले- विपक्ष के हर सवाल का देंगे जवाब

## आज से संसद का मानसून सत्र



नई दिल्ली। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होगा और इसके लिए केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक हुई. संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन का सुचारू संचालन सरकार और विपक्ष दोनों की जिम्मेदारी है. मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सरकार पूरी तरह तैयार है और सभी दलों ने इस मुद्दे पर विचार साझा किए.

संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने जा रहा है. मानसून सत्र शुरू होने से पहले रविवार को केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा की अध्यक्षता में सर्वदलीय बैठक बुलाई गई. जिसमें अलग-अलग दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए. बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि संसद की कार्यवाही अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर काम करना होगा. राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है. इसके साथ ही उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार मानसून सत्र में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार है.

किरेन रिजिजू ने मीडिया से बात करते हुए बताया, संसद सत्र शुरू होने से पहले सभी दलों के फ्लोर नेताओं की एक बैठक हुई. इस सत्र में कुल 51 राजनीतिक दल और निर्दलीय सांसद भाग लेंगे. इन 51 दलों के 54 सदस्य आज बैठक शामिल हुए. 40 लोगों ने अपनी पार्टियों की ओर से अपनी राय रखी. बहुत सकारात्मक बैठक हुई. सभी राजनीतिक नेताओं ने अपनी-अपनी पार्टी की स्थिति बताई और इस सत्र में लाने वाले मुद्दे उठाए. हमने सरकार की ओर से सभी प्वाइंट लिखे हैं.

### सदन का अच्छे से चलना, सरकार के साथ-साथ विपक्ष की भी जिम्मेदारी

किरेन रिजिजू ने कहा कि सदन अच्छे से चले, इसके लिए पक्ष और विपक्ष को मिलकर अच्छे से काम करना होगा. राजनीतिक दल अलग-अलग विचारधाराओं के हो सकते हैं, मगर सदन का अच्छी तरह चलना सभी की जिम्मेदारी है. यह सरकार के साथ विपक्ष की भी जिम्मेदारी है.

### छोटी पार्टियों के नेता को बोलने का पर्याप्त समय कैसे दें, इस पर भी हुई चर्चा

उन्होंने आगे बताया कि छोटे-छोटे दल है, विशेषकर जिस पार्टी के एक या दो सदस्य होते है, उनको सदन में बोलने का कम समय मिलता है, क्योंकि संख्या के हिसाब से संसद का सिस्टम चलता है. इसको हमने संज्ञान में लिया है. छोटी पार्टियों के नेता को बोलने का पर्याप्त समय कैसे दें, इसको सुनिश्चित करने पर भी हमने सहमति जताई है.

### बैठक में सभी दलों ने अपने विचार रखें: रिजिजू

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि कई अहम मुद्दे है, जिस पर सभी दलों ने अपने विचार रखे हैं कि इस पर सदन में चर्चा होनी चाहिए. हम तो खुले दिल से इन मुद्दों पर चर्चा करने के लिए तैयार है. हम नियम और परंपरा के तहत चलते है और इन चीजों को बहुत अहमियत देते हैं. (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वनमंत्री केदार कश्यप का बड़ा आरोप, कहा- भूपेश बघेल ने छग को बेचने की रची साजिश



रायपुर। वनमंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को बेचने की साजिश रची थी और दिल्ली के दस जनपथ के दबाव में प्रदेश में जनविरोधी फैसले लिए। कश्यप ने कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया है।

छत्तीसगढ़ के वन मंत्री केदार कश्यप ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ को बेचने की साजिश रची थी और दिल्ली के दस जनपथ के दबाव में प्रदेश में जनविरोधी फैसले लिए।

श्री कश्यप ने कहा कि कांग्रेस शासनकाल में हुए घोटालों, पर्यावरणीय स्वीकृतियों में गड़बड़ियों और कथनी-करनी के अंतर को उजागर करते हुए कहा कि कांग्रेस हाई कमान भी भूपेश बघेल का साथ देगी, क्योंकि वे 'चोर चोर मौसेरे भाई हैं'।

### कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप

मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि कांग्रेस ने एक ओर पर्यावरण और आदिवासियों की रक्षा की बात की, लेकिन हकीकत यह है कि भूपेश सरकार ने ही हसदेव जंगल में पेड़ों की कटाई के लिए नो गो जोन हटाया। उन्होंने कहा कि 16 अक्टूबर 2019 में ही राज्य सरकार ने पर्यावरण स्वीकृति की सिफारिश की थी, और 2022 में कोल माइंस राजस्थान को आवंटित की गई। कश्यप ने कांग्रेस पर दोहरे रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि वह एक ओर खदानों को स्वीकृति देती है और विपक्ष में आकर उसका विरोध करती है।

### आर्थिक नाकेबंदी का आरोप

कश्यप ने कहा कि कांग्रेस आर्थिक नाकेबंदी को बढ़ावा देकर राज्य की अर्थव्यवस्था और किसानों को नुकसान पहुंचा रही है, ताकि कानून-व्यवस्था बिगड़े और अपराध की स्थिति बने। उन्होंने कहा कि कांग्रेस अपने नेताओं को बचाने के लिए जनता की बलि चढ़ा रही है। मंत्री कश्यप ने भूपेश बघेल से पूछे कई सवाल, क्या वे यूपीए सरकार में हुए निर्णय के लिए माफी मांगेंगे? क्या वे कांग्रेस (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# आप विधायक का यू-टर्न, एक दिन पहले राजनीति से संन्यास का किया था ऐलान, अब इस्तीफा लिया वापस



चंडीगढ़। पंजाब में आम आदमी पार्टी को राहत मिली है। एक दिन पहले विधायक पद से इस्तीफा देने और राजनीति से संन्यास लेने वाली विधायक अनमोल गगन मान ने अपना इस्तीफा वापस ले लिया है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने अनमोल मान से मुलाकात की थी और उन्होंने अनमोल से पार्टी व क्षेत्र के लिए काम जारी रखने की अपील की। प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात के बाद अनमोल मान अपना इस्तीफा वापस लेने को राजी हो गई।

मुलाकात के बाद क्या बोले आप अध्यक्ष

अनमोल मान से मुलाकात के बाद आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया है। उन्होंने पोस्ट करते हुए लिखा कि उन्होंने अनमोल से मुलाकात कर विधायक के रूप में उनके इस्तीफे को अस्वीकार करने के पार्टी के फैसले के बारे में बताया, जिसके बाद वह इस्तीफा वापस लेने को राजी हो गयीं।

# भूपेश बघेल के बेटे के पास हैं 1000 करोड़, होटल में होती थी गिनती... ईडी ने चार्जशीट में लगाया आरोप



रायपुर। पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार में हुए 3,200 करोड़ के शराब घोटाले में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई तथ्य उजागर किए हैं। ईडी का दावा है कि चैतन्य बघेल को शराब सिंडिकेट से 1,000 करोड़ रुपये से अधिक कैश हैडलिंग (नकदी प्रबंधन) के लिए मिले हैं।

कोर्ट में पेश रिमांड रिपोर्ट के मुताबिक चैतन्य की गिरफ्तारी उनके पिता के करीबी दुर्ग के कारोबारी लक्ष्मी नारायण उर्फ पप्पू बंसल के उस बयान के आधार पर की गई, जिसमें उसने स्वीकार किया कि शराब सिंडिकेट से चैतन्य को 1,000 करोड़ रुपये से अधिक मिले हैं। उक्त रकम की गिनती अनवर ढेबर के फाफाडीह स्थित होटल में होती थी, इसके बाद अनवर ढेबर और नीतेश पुरोहित के जरिए पैसा चैतन्य के पास भेजा जाता था।

चार्जशीट के अनुसार, चैतन्य के निर्देश पर ही इस राशि का एक हिस्सा कांग्रेस के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल को दिया गया। रामगोपाल पिछले दो साल से लापता हैं। ईडी के साथ राज्य की एसीबी उन्हें तलाश रही है।

ईडी का आरोप है कि चैतन्य बघेल ने शराब घोटाले से हुई आय को विभिन्न माध्यमों से निवेश किया और उस आपराधिक धन को निष्कलंक संपत्ति बनाने की कोशिश (लेयरिंग) की। उस पर मनी लॉड्रिंग के साथ-साथ मनी लेयरिंग के भी आरोप हैं।

### इन कंपनियों में किए निवेश

ईडी के अनुसार चैतन्य बघेल की कंपनी मेसर्स बघेल डेवलपर्स, जो बिलासपुर में विट्ठल ग्रीन परियोजना निर्माण कार्य करा रही है, उसमें करोड़ों रुपये निवेश किया गया। इस परियोजना के सलाहकार के हवाले से ईडी का यह आरोप है कि परियोजना की कुल लागत को कम दिखाया गया। अनवर ढेबर के करीबी त्रिलोक सिंह ढिल्लन ने कर्मचारियों के लिए उसी कंपनी से 19 फ्लैट खरीदे, जिसके मालिक चैतन्य हैं। ढिल्लन ने इसका 15 करोड़ भुगतान किया। ईडी ने उन कर्मचारियों के बयान लिये, जिनके नाम पर ढिल्लन ने फ्लैट खरीदा।

### ऐसे फंस गया चैतन्य बघेल

ईडी का आरोप है कि चैतन्य बघेल के कई करीबी सहयोगियों ने निवेश किए हैं। ईडी ने कई कारोबारियों, बिल्डरों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# बीच समंदर के धू-धू कर जलने लगा यात्री जहाज, 5 लोगों की मौत, बचाव जारी

### जान बचाने समंदर में कूदे लोग, खौफनाक था मंजर



नई दिल्ली। इंडोनेशिया के उत्तरी सुलावेसी में तालिस द्वीप के पास रविवार को एक भयानक हादसा हुआ है. करीब 280 लोगों को लेकर जा रही एक यात्री नौका में आग लग गई. इस घटना में जहां कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई तो वहीं कुछ लोग जान बचाने के लिए समंदर में कूद गए. बताया जा रहा है कि यह नौका मनाडो पोर्ट जा रही थी. जहां कुछ यात्री आग से बचने के लिए समुद्र में कूद गए तो वहीं कुछ लोग अभी तक इसमें फंसे हुए हैं. इस नाव का नाम केएम बार्सिलोना वीए बताया जा रहा.

### फेसबुक लाइव में नजर आया खौफ

सर्च एंड रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल एक अधिकारी वेरी अरियांटो ने बताया, 'तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 150 लोगों को बचा लिया गया है. उन्हें बचाव दल और स्थानीय मछली पकड़ने वाली (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लगेगा दोगुना जुर्माना, सरकार बनाने जा रही नए नियम; फिर से देना होगा ड्राइविंग टेस्ट



नई दिल्ली। देशभर में होने वाले सड़क हादसों में रोड इंजीनियरिंग की खराबी या अन्य कारणों के अलावा खुद वाहन चालकों की लापरवाही भी बड़ा कारण है। दुखद यह है कि प्रतिवर्ष होने वाले लगभग पौने दो लाख सड़क हादसों में बड़ी संख्या में बच्चों की जान भी जाती है।

### मोटर व्हीकल कानून को सख्त बनाने का प्लान

लिहाजा, बच्चों की सुरक्षा के साथ ही वाहन चालकों को जिम्मेदार बनाने के उद्देश्य से केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय मोटर व्हीकल कानून को सख्त बनाने के लिए बच्चों के साथ यात्रा के दौरान यातायात नियमों के उल्लंघन पर दोगुने जुर्माने का प्रस्ताव तैयार किया है। इसके साथ ही वाहन चालकों के लाइसेंस में मेरिट-डीमेरिट अंक भी दर्ज करते हुए उनके निरस्तीकरण की कार्रवाई का विचार प्रस्ताव में शामिल है।

मंत्रालय ने तैयार किया प्रस्ताव

बताया जाता है कि सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने प्रस्ताव बनाया है कि यदि कोई व्यक्ति वाहन चलाते हुए यातायात नियमों का उल्लंघन करता है और उस वक्त गाड़ी में बच्चे (नाबालिग) भी सवार होते हैं तो जो भी उक्त नियम के उल्लंघन पर जुर्माना राशि निर्धारित होगी, उसकी तुलना में दोगुना जुर्माना लगाया जाएगा। यह प्रस्ताव सिर्फ निजी वाहनों के लिए ही नहीं, बल्कि स्कूलों के स्वयं के स्वामित्व या किराए से संचालित किए जा रहे वाहनों के लिए भी होगा। वाहन मालिक और चालक, दोनों को समान रूप से जिम्मेदार माना जाएगा। इसके साथ ही एक अन्य प्रस्ताव यह भी है कि बार-बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों चिन्हित किया जाना चाहिए। इसके लिए मेरिट-डीमेरिट प्वाइंट सिस्टम लाने की तैयारी है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# ई-रिक्शा पर बड़ी कार्रवाई, बच्चों की आवाजाही पर लगाया बैन, कलेक्टर ने जारी किया आदेश



भोपाल। शहर की सड़कों पर दौड़ रहे ई-रिक्शा बच्चों के लिए असुरक्षित हैं। इनमें स्कूली बच्चों को बैठाकर ले जाना खतरे से खाली नहीं हैं, इसलिए बच्चों को बैठाकर परिवहन करने पर पूरी तरह से रोक लगाया जाता है। यह आदेश कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर जारी किया है। इसके साथ ही शहर में तेजी से बढ़ते और बेतरतीब दौड़ते ई-रिक्शा पर पहली बड़ी कार्रवाई की गई है।

### कलेक्टर ने ई-रिक्शा स्कूलों में प्रतिबंधित करने को कहा

बता दें कि 18 जुलाई को भोपाल सांसद आलोक शर्मा ने ट्रैफिक सुधार के लिए बैठक रखी थी। इसमें कलेक्टर ने ई-रिक्शा स्कूलों में प्रतिबंधित करने को कहा था। उन्होंने कहा था कि छोटे बच्चों को ई-रिक्शा में बैठाकर स्कूल भेजना ठीक नहीं है। सांसद की बैठक के बाद कलेक्टर ने आदेश कर दिए हैं।

### ई-रिक्शा स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिए असुरक्षित

कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह द्वारा जारी आदेश में बताया गया है कि 27 जून को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में सभी की सहमति से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर स्कूल के छात्र-छात्राओं के परिवहन के लिए ई-रिक्शा का (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# हैकर्स ने उड़ाए 367 करोड़ रुपए, कंपनी ने कहा- ग्राहकों का फंड सुरक्षित




नई दिल्ली। भारत के बड़े क्रिप्टो एक्सचेंज CoinDCX पर बड़ा साइबर हमला हुआ है। कंपनी ने खुद इस बात की पुष्टि करते हुए बताया कि हैकर्स ने प्लेटफॉर्म से लगभग 44 मिलियन (करीब 367 करोड़ रुपए) उड़ा लिए हैं। यह घटना शनिवार सुबह सामने आई, जिसके बाद कंपनी ने तत्काल जांच शुरू कर दी। हालांकि कंपनी ने भरोसा दिलाया है कि ग्राहकों के फंड पूरी तरह सुरक्षित हैं और नुकसान कंपनी की अपनी ट्रेजरी से कवर किया जाएगा। CoinDCX ने स्पष्ट किया है कि इस हैक का ग्राहकों के फंड्स पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। हैकर्स ने जिस अकाउंट को निशाना बनाया, वह सिर्फ एक पार्टनर एक्सचेंज पर लिक्विडिटी प्रोविजनिंग के लिए इस्तेमाल होता था। को-फाउंडर सुमित गुप्ता ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर बताया कि ग्राहकों की सभी एसेट्स पूरी तरह सुरक्षित हैं और जो नुकसान हुआ है, उसे कंपनी की ट्रेजरी रिजर्व से कवर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कंपनी का फंड रिजर्व इतना मजबूत है कि वह इस नुकसान की भरपाई कर सकता है। इस घटना के बाद CoinDCX ने एहतियात के तौर पर अपनी Webx ट्रेडिंग को अस्थायी रूप से बंद कर दिया था, लेकिन अब यह सर्विस फिर से शुरू कर दी गई है। हालांकि, कंपनी ने किसी भी तरह की ट्रेडिंग या आईएनआर विड्रॉल्स को नहीं रोका है। सुमित गुप्ता ने ग्राहकों से घबराकर अपनी क्रिप्टो एसेट्स न बेचने की अपील करते हुए कहा, पैनिक सेल न करें, यह बेवजह नुकसान और खराब प्राइस की वजह बन सकता है।

### रिकवरी प्रोसेस शुरू

कंपनी के अनुसार, सिक्योरिटी और ऑपरेशंस टीम इंटरनल जांच कर रही है और साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट्स के साथ मिलकर फंड्स का पता लगाने और सिस्टम (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# महाराष्ट्र के भिवंडी नकली बटर फैक्टरी पर छापा : अमूल बटर के नाम पर ज़हर परोसने का पर्दाफाश



भिवंडी। भिवंडी में नकली उत्पादों के बढ़ते कारोबार ने एक बार फिर शहर को कटघरे में खड़ा कर दिया है। इस बार मामला खाद्य सुरक्षा से जुड़ा है, अमूल जैसे प्रतिष्ठित ब्रांड के नाम पर नकली बटर बनाकर खुलेआम बेचा जा रहा था। खाद्य व औषधी प्रशासन और स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में इस घोटाले का पर्दाफाश हुआ है। शांतिनगर पुलिस थाना क्षेत्र के भुसावल कंपाउड इलाके के एक गोदाम पर मारे गए छापे में बड़ी मात्रा में नकली अमूल बटर, रैपर, पैकिंग मशीनें और संदिग्ध केमिकल जब्त किए गए हैं। पहली नजर में यह बटर देखने में असली जैसा प्रतीत होता है, लेकिन इसकी बनावट और गंध से ही इसकी मिलावटी प्रकृति सामने आ गई। अधिकारियों ने बताया कि यह बटर न सिर्फ मानकों के खिलाफ है, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक भी साबित हो सकता था। अधिकारियों के अनुसार, यह गिरोह अमूल के नाम पर नकली बटर तैयार कर रहा था और उसे स्थानीय बाजारों, होटल और रिटेल (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# अमरनाथ यात्रा पर खतरे की आशंका! जम्मू-कश्मीर के जंगल में छिपे आतंकवादियों और सुरक्षा बलों में जबरदस्त गोलीबारी



जम्मू। अमरनाथ यात्रा के चलते जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में रविवार को सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच जबरदस्त गोलीबारी हुई। यह मुठभेड़ उस समय शुरू हुई, जब सुरक्षा एजेंसियों को आतंकवादियों की संदिग्ध गतिविधि की जानकारी मिली। पुलिस और भारतीय सेना की संयुक्त टीम ने दच्छन और नागसेनी के बीच स्थित खानकू जंगल में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। इसी दौरान जंगल में छिपे आतंककारियों ने सुरक्षा बलों पर अचानक फायरिंग शुरू कर दी। इसके जवाब में सुरक्षाबलों ने भी मोर्चा संभालते हुए फायरिंग की।

अधिकारियों के मुताबिक गोलीबारी कुछ देर तक चली, लेकिन अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एहतियात के तौर पर क्षेत्र में अतिरिक्त सुरक्षा बलों को भेजा गया है। फिलहाल तलाशी अभियान जारी है। सुरक्षाबलों का मानना है कि कुछ आतंकी अब भी इलाके में छिपे हो सकते हैं। पूरा क्षेत्र घेर लिया गया है और हर संदिग्ध गतिविधि पर नजर रखी जा रही है।

### सुरक्षा विशेषज्ञों और स्थानीय नेताओं ने चिंता जताई

जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में हुई इस मुठभेड़ की खबर के बाद सुरक्षा विशेषज्ञों और स्थानीय नेताओं ने चिंता जताई है। विशेषज्ञों का कहना है कि किश्तवाड़ जैसे अपेक्षाकृत शांत इलाकों में आतंकी गतिविधि का उभरना गंभीर संकेत है। वहीं, स्थानीय नागरिकों में दहशत है और वे सरकार से क्षेत्र में सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। सेना और पुलिस अगले 48 घंटों तक इलाके में सघन तलाशी अभियान चला सकती हैं। ड्रोन और सर्विलांस तकनीक का उपयोग- जंगलों में छिपे आतंकियों की सटीक लोकेशन पता लगाने के लिए ड्रोन और थर्मल इमेजिंग कैमरों का इस्तेमाल किया जा सकता है।

आईबी और अन्य खुफिया एजेंसियाँ आसपास के जिलों में आतंकी मूवमेंट और संभावित सहयोगियों की तलाश में लगाई जा सकती हैं। सुरक्षाबल इलाके के ग्रामीणों से पूछताछ करके संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी जुटा सकते हैं। यह इलाका कुछ सालों से अपेक्षाकृत शांत था, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# 57 हजार शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर डीएड-बीएड डिग्रीधारी करेंगे प्रदर्शन

रायपुर. छत्तीसगढ़ में 57,000 शिक्षक भर्ती की मांग को लेकर बेरोजगार युवा अनोखा प्रदर्शन करने जा रहे हैं. एक अनोखा और व्यंग्यात्मक नाटक रचा जा रहा है, जिसका मंचन सभी डीएड-बीएड डिग्रीधारी मिलकर करेंगे. यह न कोई साधारण प्रदर्शन रहेगा, न ही कोई सड़क नाटक, बल्कि यह 57,000 शिक्षक भर्ती के विवाह का भव्य आयोजन है, जिसमें छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवा अपनी मांगों को वैवाहिक परंपराओं के रंग में रंगकर सरकार और समाज का ध्यान खींच रहे हैं.



## पहला कॉलम...

# प्रियंका कुरंजेकर बनी पोस्ट मैट्रिक एससी कन्या छात्रावास निगरानी समिति की अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम की पार्षद प्रियंका पंकज कुरंजेकर को पोस्ट मैट्रिक अनुसूचित जाति कन्या छात्रावास और शासकीय पो. मे. परियोजना कर्मचारी पुत्री कन्या छात्रावास बल्देव बाग की निगरानी समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी उन्हें महापौर की अनुशंसा पर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा द्वारा सौंपी गई है।

यह गौरतलब है कि छात्रावासों में निवास कर रही छात्राओं की सुरक्षा, शिक्षा और उनके समग्र विकास को सुनिश्चित करने के लिए निगरानी समितियों का गठन किया जाता है। अध्यक्ष नियुक्त होने के बाद प्रियंका कुरंजेकर ने अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वे इस दायित्व का पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि छात्रावास में रह रही बालिकाओं को शिक्षा, स्वच्छता, सुरक्षा और सुविधाओं के मामले में किसी भी प्रकार की कमी नहीं होने दी जाएगी। कुरंजेकर ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) वर्ग की बालिकाएं अपने उज्ज्वल भविष्य के लिए अपने घरों से दूर रहकर शिक्षा प्राप्त कर रही हैं और ऐसे में उन्हें गुणवत्तापूर्ण वातावरण प्रदान करना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। इस नामांकन पर उनके मित्रों और अन्य पार्षदों ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## महिला को जान से मारने की धमकी, कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

राजनांदगांव (दावा)। शहर के सिंचाई कालोनी निवासी एक महिला को अज्ञात व्यक्ति द्वारा नौकरी छोड़ने की बात कहते हुए उसे जान से मारने की धमकी दी गई है। घबराई हुई महिला ने कोतवाली थाने में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बताया जाता है कि शहर के सिंचाई विभाग कार्यालय में पदस्थ महिला कम्प्यूटर आपरेटर को जान से मारने की धमकी दी। घटना 14 जुलाई शाम की बताई जाती है। पुलिस ने बताया कि उक्त महिला कर्मी ड्यूटी खत्म होने के बाद मोपेड से घर जाने के लिए निकली थी। तभी कैलाशनगर में बिजली कार्यालय के पास बाइक से एक व्यक्ति पहुंचा। जिसने चेहरे पर स्कार्फ बांध रखा था। उसने महिला के साथ पहले गाली-गलौज की। तत्पश्चात महिला को उसने नौकरी छोड़ने की बात कहते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मामले को जांच में ले लिया है।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**अर्जुंदा रोड में हल्दी-भोड़िया के पास हुई दुर्घटना**

राजनांदगांव (दावा)। सुरगी पुलिस चौकी क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले अर्जुंदा रोड में हल्दी-भोड़िया के पास एक बाइक सवार सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया। घटना शाम की बताई जाती है। बताया जाता है कि बालोद जिले के ग्राम संकरी निवासी 37 वर्षीय तेजराम साहू अपनी बाइक से राजनांदगांव की ओर आ रहा था। जैसे ही वह हल्दी-भोड़िया के पास पहुंचा तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित हो गई। इससे बाइक सडक के किनारे जा गिरा। बाइक सवार तेजराम को इससे घातक चोट आई। गंभीर रूप से घायल होने पर उसे मेडिकल कॉलेज हास्पीटल पहुंचाया गया, लेकिन उसकी रास्ते में ही मौत हो गई। सुरगी पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच में ले लिया है।

## फांसी लगाकर छात्रा ने की आत्महत्या

राजनांदगांव (दावा)। ग्राम रेंगाकठेरा में एक छात्रा ने अज्ञात कारणों से अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लालबाग थाने से मिली जानकारी के अनुसार कक्षा 12वीं की छात्रा गोदावरी पिता भुवाल साहू ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। बताया जाता है कि छात्रा सुबह स्कूल गई हुई थी, लेकिन लंच के बाद वह स्कूल नहीं गई। शाम को जब देर से घर लौटी तो घर वालों ने पूछताछ की और देर से आने के लिए नाराजगी जताई। अगले दिन सुबह गोदावरी का शव चुन्नी के सहारे म्यार में लटकी हुई मिली। पुलिस को सूचना मिलने पर मामले की जांच में जुट गई है।

## श्रीमती गणेशी स्वर्णकार का निधन



राजनांदगांव (दावा)। श्रीमती गणेशी स्वर्णकार आयु 99 वर्ष निवासी ब्राह्मण पारा राजनांदगांव का आज दोपहर 12.30 बजे स्वर्गवास हो गया जिनका अंतिम संस्कार आज शाम 5 बजे मठ पारा राजनांदगांव में किया गया श्रीमती गणेशी स्वर्णकार बैंक प्रबंधक जे.एल.स्वर्णकार की माता थी। वे अपने पीछे पोता-पोती आशीष, अभिषेक, आकांक्षा सहित भरापूरा परिवार छोड़कर गई। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में परिजन एवं अन्य लोग शामिल हुए।

# चाकू दिखाकर लूटपाट करने वाले दो आरोपी कुछ ही घंटों में गिरफ्तार




**धारदार चाकू सहित मोटर सायकल जब्त**

राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने थाना प्रभारी एमन साहू के नेतृत्व में बड़ी कार्रवाई करते हुए चाकू दिखाकर नकदी लूटने वाले दो आरोपियों को वारदात के महज तीन घंटे के भीतर धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के पास से धारदार चाकू और घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल भी जब्त कर ली है।

थाना प्रभारी श्री साहू ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में एक विधि के विरुद्ध संघर्षरत बालक (नाबालिग) भी शामिल है। न्यायालय से जेल वारंट मिलने के बाद आरोपियों को जेल भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह में दाखिल कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस के हत्थे चढ़े आरोपी प्रदीप पटेल और घनश्याम जोशी आदतन अपराधी प्रवृत्ति के हैं और उनके खिलाफ थाने में पहले से ही विभिन्न मामलों में अपराध दर्ज हैं।

### घटना का विवरण

घटना के संबंध में श्री साहू ने बताया कि प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शनिवार 19 जुलाई को वह अपने साथी के साथ मोटर साइकिल (क्रमांक सीजी-24/वीएच 8539) से रेलवे स्टेशन से देवघर बाबाधाम जाने के लिए निकले थे। शाम करीब 4:30 बजे जब वे नंदई चौक स्थित राजू बिल्डिंग मटेरियल के पास पहुंचे। तभी काले रंग की होंडा सीबी शाइन (क्रमांक सीजी-08/एटी 5918) पर सवार तीन अज्ञात लड़कों ने उनकी मोटरसाइकिल के सामने अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। तीनों में से एक लड़के ने प्रार्थी को चाकू दिखाकर पैसों की मांग की। प्रार्थी ने उसे 100 रुपये दिए, लेकिन वे लोग नहीं माने और प्रार्थी के बाएं जांघ पर चाकू से वार कर चोट पहुंचाई। इसके बाद तीनों लड़कों ने प्रार्थी को डराकर उसकी जेब से 500 रुपये का नोट निकाला और वहां से फरार हो गए। प्रार्थी द्वारा आसपास के लोगों से पूछने पर तीनों लड़कों की पहचान प्रदीप पटेल (निवासी सागरपारा), घनश्याम जोशी और एक नाबालिग बालक के रूप में हुई। रिपोर्ट के आधार पर थाना बसंतपुर में धारा 126(2), 309(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

### पुलिस की त्वरित कार्रवाई

घटना की सूचना तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई और उनके दिशा-निर्देशन में आरोपियों की तलाश के लिए एक टीम गठित कर अलग-अलग जगहों पर भेजा गया। गठित टीम ने आरोपी प्रदीप पटेल, घनश्याम जोशी और नाबालिग बालक को महज तीन घंटे के भीतर हिरासत में ले लिया। पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपियों से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल होंडा सीबी शाइन और धारदार चाकू जब्त कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों और नाबालिग को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जहां से प्राप्त जेल वारंट के आधार पर आरोपियों को जिला जेल में दाखिल कर दिया गया और नाबालिग को बाल संप्रेक्षण गृह भेज दिया गया।

## अल्पबचत अभिकर्ताओं ने सांसद संतोष पांडे को सौंपा मांग पत्र, समस्याओं के निराकरण का अनुरोध




राजनांदगांव (दावा)। राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ता संघ, भारत, जिला शाखा राजनांदगांव द्वारा राष्ट्रीय अल्प बचत अभिकर्ताओं के समस्याओं के निराकरण के संबंध में राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे को उनके कार्यालय में समक्ष भेंट कर मांग पत्र सौंपा गया। यह मांग पत्र राष्ट्रीय पदाधिकारी के निर्देशानुसार अल्प बचत अभिकर्ताओं के समस्याओं के निराकरण हेतु सौंपा गया। जिस पर राजनांदगांव सांसद संतोष पांडे द्वारा संवेदनशीलता से विचार करते हुए आश्वस्त किया गया कि प्रस्तुत मांग पत्र समुचित कार्यवाही हेतु भारत शासन के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इस मांग पत्र को प्रस्तुत करने हेतु संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती जमुना देवी साहू, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती किरण पवार तथा पूर्व जिला अध्यक्ष सुनील बाजपेई के संयुक्त नेतृत्व में राजनांदगांव जिले के अभिकर्ता साथीगण क्रमशः नरेश यादव, धनीराम मटाले, कृष्ण देवांगन, योगेश गहरवार, आशीष सूरे, सुरेंद्र शुक्ला, राजू खान, सुरेश सोनी, रामकुमार देवांगन, श्री चौहान एवं अन्य साथीगण उपस्थित रहे। मांग पत्र में मुख्य रूप से अभिकर्ताओं द्वारा अल्प बचत योजनाओं में 1 दिसंबर 2011 के पश्चात वित्त मंत्रालय द्वारा कमीशन में कटौती एवं कुछ योजनाओं में कमीशन समाप्त किए जाने के संबंध में, प्रत्येक 3 वर्ष में एजेंसी के नवीनीकरण हेतु पुलिस से चरित्र सत्यापन की अनिवार्यता के संबंध में, एजेंसी नियमावली में डिजिटल लेन-देन की व्यवस्था लागू करने के संबंध में एवं केंद्र सरकार के माध्यम से एक नई कमेटी के गठन एवं एजेंसी नियमावली के समीक्षा के संबंध में अपनी मांगों को रखते हुए सांसद के माध्यम से समुचित निराकरण हेतु अनुरोध किया है।

## गाली-गलौज कर चाकू से हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव (दावा)। सुकुलदैहान पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम डिलापहरी में एक व्यक्ति पर माँ-बहन की गंदी गंदी गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी देकर चाकू से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। आरोपी की पहचान मिथिलेश कुमार वर्मा (पिता श्याम कुमार वर्मा, उम्र 26 साल, निवासी ग्राम डिलापहरी) के रूप में हुई है।

चौकी प्रभारी ने बताया कि प्रार्थी छत्रकुमार वर्मा (पिता धनसाय वर्मा, उम्र 45 साल निवासी ग्राम डिलापाहरी चौकी सुकुलदैहान) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 19 जुलाई की रात करीब 9:20 बजे गांव का मिथिलेश कुमार वर्मा उन्हें माँ-बहन की गालियां देने लगा। जान से मारने की धमकी देते हुए उसने अपने पास रखे धारदार बटननुमा चाकू से हमला कर दिया। जिससे प्रार्थी उनके पिता और भाई को चोटें आई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। उनके मार्गदर्शन और निर्देशन में एक टीम गठित कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया। न्यायिक रिमांड पर पेश किए जाने के बाद न्यायालय के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

## सर्वजन, तीन पेड़ - माँ, भारत माँ एवं धरती माँ के नाम लगायें - द्विवेदी



राजनांदगांव (दावा)। देश-धरती में अतिलोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा आह्वान्वित 'एक पेड़ माँ के नाम' पर्यावरण संरक्षण-संवर्धन अभिनव योजना का पूरजोर समर्थन करते हुए पर्यावरण विज्ञ विचारचिंतक डॉ. कृष्ण कुमार द्विवेदी ने समसामयिक परिप्रेक्ष्य में अतिरिक्त जन आह्वान संदेश जारी करते हुए कहा कि अत्यंत आवश्यक हो गया है कि प्रत्येक जन-जन एक नहीं, तीन पेड़ सर्वप्रथम- माँ के नाम, द्वितीय- भारत माँ के नाम एवं तृतीय- धरती माँ के नाम से अपने-अपने घर-आंगन, खेत-खलिहान अथवा सार्वजनिक स्थलों, उद्यानों-बगीचों में प्रत्येक वर्ष लगाये। तभी हम पृथ्वी पर चतुर्दिक गहराते जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संकट से निपट सकेंगे। हमारी भारतीय सनातन संस्कृति परंपरा में सदा-सर्वदा से पेड़-पौधों-वृक्षों को देवतुल्य माना गया है। विशेषकर फलदार वृक्ष तो साक्षात देव स्वरूप होते है। फलदार वृक्ष अपने एक जीवनकाल में मानव को लाखों रूपये के निःशुल्क अनुदान स्वरूप भोजन-वस्त्र के उत्पादों सहित सर्वाधिक महत्वपूर्ण प्राण-वायु को सतत् रूप से प्रदान करते रहते हैं। साथ ही साथ सहज-सरल रूप में प्रमुख पर्यातत्वों-जल, मिट्टी, वायु, ताप तथा दाब को भी संतुलित रखते हुए प्रकृति चक्रों को जीवंत रखते हैं। यह उल्लेखनीय रूप से प्रमाणित सत्य है कि वन-वृक्ष नहीं तो वर्षा भी नहीं। और वर्षा नहीं तो सुजलां-सुफलां धरती भी नहीं होगी। इसीलिए तीन-तीन वृक्षों का रोपण संरक्षण-संवर्धन प्रत्येक जन-जन को मन-प्राण से संकल्पित होकर करना ही चाहिए।

प्रधानमंत्री मोदी जी के नारे 'एक पेड़ माँ के नाम' को संपूर्ण मानव सभ्यता की रक्षा का श्रेष्ठ-सरल सूत्र-संकेत मानकर और अपनी ओर से रचनात्मक सोच के साथ एक नहीं तीन-तीन पेड़ लगाने के लिए प्रतिवर्ष वर्षाकाल में परम पावन पहल करना चाहिए। हमारे देश-धरती में एक प्राचीन कहावत प्रचलित रही हैं 'सर साठे रूख रहे तो भी सस्ती जाण' अर्थात सिर कटवाकर भी वृक्षों की रक्षा हो सके तो इसे फायदे का सौदा ही समझिए। राजस्थान जोधपुर के गांव खेजकला गांव में वृक्षों की रक्षा में ग्रामवासियों का आत्मसोत्सर्ग/आत्मबलिदान अनुष्ठान विश्वभर में पर्यावरण प्रेम/रक्षा का सर्वाधिक अनूठा, अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत करता है। हमारी इस गौरवमयी विरासत से आज की युवा-किशोर-प्रबुद्ध पीढ़ी को प्रेरित होकर पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक वर्ष कम से कम तीन पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। यही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नारे एक पेड़ माँ के नाम का माँ, भारत माँ एवं धरती माँ के प्रति मूल कर्तव्य, दायित्व का श्रेष्ठ-श्रेयष्कर निर्वहन संकल्प होगा।

## चिखली पुलिस ने अवैध शराब परिवहन करते आरोपी को पकड़ा, 6.4 लीटर देशी शराब जब्त



राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस चौकी ने अपने क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को 6480 मिली लीटर देशी मसाला शराब के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से शराब के अतिरिक्त घटना में प्रयुक्त एक जुपिटर स्कूटर (सीजी08 एवाय 2249) को भी जब्त किया गया है।

चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के पर्यवेक्षण में जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों, गुंडा-बदमाशों और अवैध शराब बिक्री-परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में19 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति नीले रंग के जुपिटर स्कूटर से अवैध शराब परिवहन कर बिक्री के लिए ले जा रहा है। सूचना के आधार पर मेन रोड चिखली के पास नाकाबंदी की गई और नीले रंग की जुपिटर वाहन को रोका गया। वाहन चालक से पूछताछ के दौरान जुपिटर में रखे सफेद प्लास्टिक थैले की तलाशी लेने पर 36 पौवा देशी मसाला शराब बरामद हुई।

पुलिस ने आरोपी राजदास उर्फ टुमेश मानिकपुरी (पिता कमलेश दास मानिकपुरी, उम्र 21 साल, निवासी ढीमरपारा, थाना बसंतपुर) के विरुद्ध विधि अनुसार कार्रवाई की। उसके कब्जे से कुल 6480 एमएल देशी मसाला शराब (कीमत 3600 रुपये) और जुपिटर वाहन जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर उसे न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस पूरी कार्रवाई में चौकी प्रभारी निरीक्षक श्री नामदेव के साथ, प्र.आर. अरुण कुमार नेताम, समारू राम सर्पा, म.प्र.आर. वंदना पटेल, आर. मनोज जैन, मिर्जा असलम, आदित्य सोलंकी, सुनील बैरागी, अविरल भगत और चौकी चिखली के अन्य स्टाफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## तलवार दिखाकर लोगों को डराने वाले दो आरोपी आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार, भेजा जेल




**राजनांदगांव (दावा)। राजनांदगांव के तुमड़ीबोड़ ग्रामीण पुलिस चौकी में दर्ज शिकायत के आधार पर पुलिस ने दो युवकों को तलवार और चाकू लहराकर लोगों को डराने-धमकाने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है।**

इन दोनों आरोपियों को आर्म्स एक्ट के तहत न्यायिक हिरासत में लेकर जेल भेज दिया गया है। तुमड़ीबोड़ पुलिस चौकी में प्रार्थी ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 19 जुलाई शनिवार को गांव के अरुण विश्वकर्मा और आकाश यादव ग्राम तुमड़ीबोड़ के रामनगर स्थित राम मंदिर के पास तलवार लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे थे। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।

पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा और नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक के मार्गदर्शन में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने राम मंदिर तुमड़ीबोड़ के पास घेराबंदी कर अरुण विश्वकर्मा (पिता कमलेश विश्वकर्मा, उम्र 31 वर्ष) और आकाश यादव (पिता प्रकाश यादव, उम्र 24 वर्ष) दोनों निवासी तुमड़ीबोड, को धर दबोचा। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक लोहे का पट्टा चाकू और एक तलवार जब्त की।

पुलिस ने बताया कि ये दोनों आरोपी आदतन बदमाश प्रवृत्ति के हैं। इनके खिलाफ पूर्व में चौकी तुमड़ीबोड़ के अलावा जिले के अन्य थानों में हत्या, बलवा, आर्म्स एक्ट और मारपीट जैसे कई मामले दर्ज हैं। आरोपी के विरुद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल दाखिल कर दिया गया है।


SILVER SCREEN MULTIPLEX
18th July to 24th July 2025




Saiyaara - 12:00, 03:00, 03:30, 06:00, 09:00 and 09:30 pm
Maalik - 12:15, 03:15 and 09:15 pm
Superman (Hindi 2D) - 12:30 pm
Jurassic World Rebirth (Hindi 2D) - 06:30 pm
Metro In Dino - 06:15 pm

Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

श्री कृष्णा (एयरकुल) में
रोजाना 4 खेल
सुपर डूपर हीट, बम्फाड़ धमाका
तुझे मेरी कसम
साल 2003 का धांसू धमाका
कला : रितेश देशमुख, जेनेलिया डिसूजा, आसरानी, शक्ति कपूर




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

### आम सूचना

क्रेता विष्णु पटेल आ. बलिराम पटेल निवासी ममता नगर वार्ड नं. शहर तह. व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का निवासी हूं मेरे द्वारा विक्रेता विजय कुमार आ. मिलाप चंद निवासी गांधी चौक शहर, तह. व जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) से ग्राम लिटिया प.ह.नं. 30 रा.नि.नं. 01 हे. तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) की भूमि खसरा नं. 80/1 रकबा 0.0560 हे. (चौदह डिसमिल) क्रय किया जा रहा है, इस हेतु यह ईश्तहार दिया जा रहा है। जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था को कोई आपत्ति होती है तो आम सूचना प्रकाशन होने के 15 दिनों के भीतर दावा आपत्ति कर सकते है। यदि मुझ क्रेता द्वारा उपरोक्त भूमि को क्रय कर पंजीयन किया जाता है और उसके पश्चात् किसी को कोई आपत्ति होती है, तो वह सब अमान्य माना जावेगा।

विष्णु पटेल आ. बलिराम पटेल
निवासी ममता नगर, राजनांदगांव

## प्रांतीय विचार वर्ग कार्यशाला : नांदगांव टीम का शानदार प्रदर्शन



**स्वदेशी जागरण मंच के राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने दिया देशी उत्पादों के उपयोग पर जोर**

राजनांदगांव (दावा)। बिलासपुर स्थित झूलेलाल मंगलम भवन तिफरा में 12-13 जुलाई को आयोजित स्वदेशी जागरण मंच की प्रांतीय विचार वर्ग कार्यशाला में राजनांदगांव जिले की टीम ने अपनी प्रभावशाली भागीदारी और अनुशासन से सभी का ध्यान आकर्षित किया। छत्तीसगढ़ के सभी संभागों और जिलों से आए कार्यकर्ताओं के बीच राजनांदगांव की टीम सबसे सक्रिय और अनुशासित नजर आई। जिसकी सभी ने सराहना की।

### राष्ट्रीय पदाधिकारियों का मार्गदर्शन

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में स्वदेशी जागरण मंच के संरक्षक सतीश कुमार (हरियाणा) मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने मंच के उद्देश्यों, कार्यप्रणाली और स्वदेशी की अवधारणा को विस्तार से समझाते हुए कहा कि विदेशी उत्पादों पर हमारी निर्भरता देश की आत्मनिर्भरता के लिए खतरा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने की। जिन्होंने मंच के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि स्वदेशी आंदोलन केवल एक विचार नहीं, बल्कि राष्ट्रनिर्माण की नींव है।

### स्वदेशी की मूल भावना पर प्रशिक्षण

प्रशिक्षण वर्ग में मंच के वरिष्ठ प्रांतीय वक्ताओं और पदाधिकारियों ने उपस्थित कार्यकर्ताओं को स्वदेशी की मूल भावना, आर्थिक दृष्टिकोण और सामाजिक प्रभाव की गहन जानकारी दी। वक्ताओं ने जोर देकर कहा कि विदेशी वस्तुओं का अंधाधुंध उपयोग भारत को आत्मनिर्भर बनने से रोकता है। अतः सभी कार्यकर्ताओं को जनमानस को जागरूक करने की जिम्मेदारी निभानी होगी। राजनांदगांव जिले से इस महत्वपूर्ण कार्यशाला में जिला संयोजक एडवोकेट राजकुमार शर्मा, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, राकेश दुबे, भगवान झा, अनिमेष राय, श्री गुप्ता, सुनील बाजपेई, हकीम खान, सीएस शर्मा, दिग्विजय मिश्रा सहित कई सदस्य शामिल हुए। महिला प्रतिनिधियों में सुधा पवार, संगीता शुक्ला, फातिमा सोलंकी, आयुषी, प्रतिभा साहू, कमलेश्वरी साहू, जमुना साहू, मंजू साहू प्रमुख रूप से उपस्थित रही।

कार्यशाला की जानकारी साझा करते हुए अनिमेष राय ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने और विदेशी वस्तुओं से दूरी बनाने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य केवल भाषण तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कार्यकर्ताओं को जमीनी स्तर पर जनजागरण और व्यावहारिक परिवर्तन के लिए तैयार किया गया। स्वदेशी जागरण मंच की ओर से यह स्पष्ट संदेश दिया गया कि आने वाला समय स्वदेशी का है और देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हर नागरिक की भागीदारी आवश्यक है।

# एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स शुभारंभ : सीएम साय ने किया उद्घाटन, बोले- औद्योगिक विकास को मिलेगी नई पहचान

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रविवार नवा रायपुर के सेक्टर-05 स्थित एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की नवनिर्मित इकाई का भव्य शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने प्रबंधन को शुभकामनाएं दीं और उत्पादन इकाई का भ्रमण कर दवा निर्माण की संपूर्ण प्रक्रिया का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, कोविड के कठिन दौर में दवाइयों की किल्लत को देखते हुए इस इकाई के निर्माण का सपना देखा गया था और वह साकार हुआ है। उन्होंने कहा कि, जब पूरी दुनिया कोविड के संकट से जूझ रही थी, तब भारत ने स्वदेशी वैक्सीन विकसित कर एक मिसाल कायम की थी। सीएम साय ने कहा कि, फार्मास्यूटिकल्स की इकाई का शुभारंभ प्रदेश के औद्योगिक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार हो रहा विस्तार

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष में प्रवेश कर चुका है, और इन 25 वर्षों में जो विकास हुआ है, उसमें पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि, डॉ. सिंह ने न केवल प्रदेश से भूखमरी को दूर किया, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में भी ठोस नींव रखी। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि, राज्य गठन के समय प्रदेश में केवल एक मेडिकल कॉलेज था, जबकि प्रदेश में 15 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं। प्रदेश में आयुष्मान भारत योजना और मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना के जरिए लोगों को निःशुल्क इलाज मिल रहा है। सीएम साय ने बताया कि, पिछले डेढ़ वर्ष की अवधि में छह से अधिक विशेषज्ञ अस्पतालों के शुभारंभ का मैं साक्षी रहा हूं, जो दर्शाता है कि, प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। उन्होंने कहा कि, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मानना है कि लोग बीमार न पड़ें, निरोगी रहें, और उनकी इसी संकल्पना के अनुरूप वेलनेस सेंटर के माध्यम से लोगों को आरोग्य प्राप्त हो रहा है।

### विभिन्न प्रकार की दवाइयों का किया जाएगा निर्माण

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि, सरकार ने 'विकसित छत्तीसगढ़ 2047' की परिकल्पना के तहत विजन डॉक्यूमेंट तैयार किया है। उन्होंने कहा कि, वर्तमान में प्रदेश की सकल राज्यीय उत्पाद (जीएसडीपी) 5 लाख करोड़ रूपये है, जिसे 2030 तक 10 लाख करोड़ रूपये और 2047 तक 75 लाख करोड़ रूपये तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है, और यह प्रदेशवासियों के सहयोग से ही संभव होगा। सीएम साय ने इस अवसर पर एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स का भ्रमण कर उन्नत तकनीकों की सराहना की। उन्होंने कहा कि, यह इकाई पूरी तरह ऑटोमेटेड है, जहां टैबलेट, सिरप, ऑइंटमेंट और क्रीम जैसे विभिन्न प्रकार की दवाइयों का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि, इस इकाई के विस्तार से बड़ी संख्या में स्थानीय युवाओं को रोजगार मिलेगा।



### फार्मास्यूटिकल सेक्टर एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शुरुआत - डॉ. रमन

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि, प्रदेश के फार्मास्यूटिकल सेक्टर में यह एक महत्वपूर्ण और प्रेरणादायक शुरुआत है। उन्होंने कहा कि, भारत ने इस क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाई है और कोविडकाल के दौरान पूरी दुनिया को यह एहसास हुआ कि, दवाइयों और चिकित्सा संसाधनों का क्या महत्व है। उन्होंने कहा कि, अमेरिका और यूरोप जैसे विकसित देशों ने भी उस दौर में भारत की फार्मा क्षमता पर विश्वास जताया। उन्होंने आगे कहा कि, हाल ही में विकसित छत्तीसगढ़ की संकल्पना को साकार करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए विजन डॉक्यूमेंट जारी किया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश को नई ऊँचाइयों पर ले जाएगा।

### नवा रायपुर के विकास में नई गति

विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि, प्रदेश के औद्योगिक विकास में नवा रायपुर की केंद्रीय भूमिका है। यह क्षेत्र न केवल औद्योगिक निवेश के लिए उपयुक्त है, बल्कि सभी प्रमुख मार्गों से जुड़ाव के कारण लॉजिस्टिक्स की दृष्टि से भी अत्यंत सुविधाजनक है। डॉ. सिंह ने एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स की टीम को इस नई शुरुआत के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दीं और कहा कि, यह इकाई नवा रायपुर के विकास को नई गति देगी। डॉ रमन सिंह जी ने बताया कि, निदेशक मंडल में कोमलचंद चोपड़ा जिन्हें 50 वर्षों का फार्मा उद्योग का अनुभव है। उज्जवल दीपक जिन्होंने करोड़ों की नौकरी छोड़कर छत्तीसगढ़ में इतना भव्य प्लांट लगाया है। यह दर्शाता है कि, छत्तीसगढ़ में युवाओं का भविष्य उज्जवल है।

### छत्तीसगढ़ को फार्मा क्षेत्र में अग्रणी बनाने का प्रयास

यह यूनिट फार्मास्युटिकल्स निर्माण के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर बनाएगी और राज्य को वैश्विक औषधि मानचित्र पर स्थापित करने में मदद करेगी। राज्य सरकार के उद्योग विभाग की आकर्षक नीतियों द्वारा प्रदान की गई सुगमता, हत्रष्ठ द्वारा भूमि आवंटन, ष्टत्तस्र्ष्ट की नीतियां या पॉलिसी का समर्थन और स्ढ्ढष्ठक्च्छ की आर्थिक सहायता और सुरक्षा ने इस यूनिट को कम समय में स्थापित करने में सक्षम बनाया। अब यहां से वैश्विक स्तर की दवाइयों का निर्माण कर, छत्तीसगढ़ को फार्मा क्षेत्र में अग्रणी बनाएंगे। उज्ज्वल दीपक ने अपने उद्बोधन में बताया एस्पायर फार्मास्यूटिकल के द्वारा एक बहुत ही अंतरराष्ट्रीय मानकों पर आधारित उत्पादन इकाई है। यह स्वचालित और पर्यावरण-संवेदनशील प्रणाली सहित प्रदेश में लगभग 100 से अधिक स्थानीय युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार भी उपलब्ध करा रहा है। इसके अलावा यह संस्थान अनुसंधान, विकास और निर्यात के लिए भविष्य में छत्तीसगढ़ का विशेष केंद्र रहेगा।

### इस अवसर पर ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर वन मंत्री केदार कश्यप, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, पवन साय, विधायक गुरु खुशवंत साहेब, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक ललित चंद्राकर, विधायक संपत अग्रवाल, विधायक अनुज शर्मा, नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, धमतरी महापौर रामू रोहरा, सीजीएमएससी के अध्यक्ष दीपक म्हस्के, सीएसआईडीसी के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा, अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत छाबड़ा, एस्पायर फार्मास्यूटिकल्स से कोमलचंद चोपड़ा, अनिल देशलहरा और उज्वल दीपक सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।कार्यक्रम का समापन एस्पायर फार्मास्यूटिकल के निदेशक मंडल जिसमें कोमलचंद चोपड़ा, उज्जवल दीपक और अनिल देशलहरा ने इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों और गणमान्य नागरिकों को धन्यवाद ज्ञापित किया और आभार व्यक्त किया।

## तप कर आत्मा की शक्ति को जगाइए- मुनि वीरभद्र

राजनांदगांव (दावा)। जैन संत विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन उपवास रखकर पूरे देश में उपवास की नई दिशा दिखाने वाले प्रख्यात जैन संत वीरभद्र (विराग) मुनि ने आज अपने नियमित प्रवचन के दौरान तप और उपवास के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कितप और उपवास कर आत्मा को जगाइए और पहचानिए कि शरीर और आत्मा में क्या भेद है। उन्होंने कहा कि दृढ़ निश्चय के साथ तप और उपवास करें तो आपका तप और उपवास अवश्य सफल होगा।



0 तप परम निद्रा के लिए कीजिए ना कि यश के लिए
0 जैन बगीचा में चातुर्मासिक प्रवचन के बाद हुआ सिद्धि तप का मंगल विधान

जैन बगीचा स्थित नए विशाल हाल में आज जैन संत वीरभद्र (विराग) ने कहा कि जीव तू आत्मा का कल्याण चाहता है तो इस शरीर से जितना रस निकालना चाहता है निकाल ले। अंतिम समय में यह शरीर इतना हल्का हो जाए कि लोगों को उठाने में भी तकलीफ ना हो और जलाने में लकड़ी भी कम लगे। उन्होंने श्रावकों से कहा कि मनुष्य भव में आए हो तो आप आत्मा की शक्ति को पहचानिए। अभ्यंकर तप का प्रयास कीजिए। मुनि श्री ने कहा कि तप मात्र परम निद्रा के लिए करें ना कि यश के लिए। दृढ़ इच्छा शक्ति के साथ तप करें ताकि तप सफल हो। परम निद्रा की अनुभूति स्वयं को होनी चाहिए। मुनि श्री ने फरमाया कि तप के द्वारा आत्मा और शरीर के भेद को पहचाने। अस्तित्व की गारंटी नहीं है, किंतु एक बार तप और उपवास का संकल्प लिया हो तो उसे पूरा करने का ध्येय होना चाहिए। तप और उपवास हृदय कठोर बनाकर और मन को निर्मल बनाकर करें। उन्होंने कहा कि मन बार-बार भटक जाता है, इसलिए उसे निर्मल बनाना बहुत जरूरी है। तप और उपवास करते समय खुद के साथ धोखा न करें। तप और उपवास करते समय यदि मन की मजबूती रही तो तप और उपवास को आगे बढ़ाएं। मुनि श्री के प्रवचन के बाद इंदौर से आए विपिन भाई बागरेचा ने सिद्धि तप का मंगल विधान किया।

## अ.भा. उपभोक्ता उत्थान संगठन की बैठक में अधिकारों पर गहन चर्चा

राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन की राजनांदगांव जिला इकाई ने आज जिलाध्यक्ष दिलीप शर्मा के नेतृत्व में नेहरू नगर स्थित जलाराम रेस्टोरेंट में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उपभोक्ता से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।



### उपभोक्ता जागरूकता पर जोर

बैठक का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों और कानूनी प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करना था। उपस्थित सदस्यों को खाद्य सामग्री और अन्य वस्तुओं से संबंधित उपभोक्ता अधिकारों की जानकारी दी गई और उन्हें फोरम में जाकर कानूनी सहायता प्राप्त करने के तरीकों से अवगत कराया गया। संगठन ने उपभोक्ता अधिनियम और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं को सरलता से समझाया, ताकि आम उपभोक्ता भी अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो सकें।

### पदाधिकारियों का स्वागत

बैठक की शुरुआत में संगठन के राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, और प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी का जोरदार स्वागत किया गया। जिलाध्यक्ष दिलीप शर्मा ने बताया कि इस बैठक से पहले उन्होंने खाद्य अधिकारियों से मिलकर इस बात पर चर्चा की थी कि उपभोक्ता अपने अधिकारों को कैसे प्राप्त कर सकते हैं।

### शैलेश चौधरी का योगदान

प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी जो एक प्रसिद्ध उपभोक्ता अधिकार कार्यकर्ता हैं, ने उपभोक्ता जागरूकता के लिए अपने काम पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारतीय उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा और प्रमोशन के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी, जिलाध्यक्ष दिलीप शर्मा, अनिल कुमार साहू, देवरी प्रसोद से इंदरचंद बाफना, तरुण पटेल, माला देशमुख के अलावा बड़ी संख्या में संगठन के कार्यकर्ता, मीडियाकर्मी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## रास्ता रोककर शराब के लिए पैसे मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार, आपराधिक इतिहास

राजनांदगांव (दावा)। चिखली पुलिस चौकी ने अपने क्षेत्र में राहगीरों को रोककर शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि इन बदमाशों के खिलाफ पूर्व में मारपीट, आबकारी एक्ट और प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कई अपराध दर्ज हैं।



चौकी चिखली प्रभारी अरुण कुमार नामदेव ने जानकारी दी कि 19 जुलाई शनिवार को एक प्रार्थी ने चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थी ने बताया कि 17 जुलाई को वह अपने घर बजरंगपुर नवागांव से मोतीपुर कपड़ा प्रेस कराने गया था। वापस लौटते समय जब वह अपनी साइकिल से मोतीपुर तालाब के पास पहुंचा तो शंकरपुर निवासी शंकर नायक और बंटी नायक ने अपने एक साथी के साथ उसका रास्ता रोक लिया। उन्होंने प्रार्थी को डरा-धमकाकर शराब पीने के लिए अवैध रूप से पैसे की मांग की। प्रार्थी के मना करने पर, तीनों ने एक राय होकर मॉ-बहन की अश्लील गालियां दी और जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इस रिपोर्ट पर चौकी चिखली में धारा 126(2), 119(1), 115(2), 296, 351(3), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई।

मामले की सूचना तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। जिनके दिशा-निर्देशन और मार्गदर्शन में एक टीम का गठन किया गया और आरोपियों की तलाश शुरू की गई। टीम को मिली विश्वसनीय सूचना पर शंकरपुर में दबिश दी गई। घेराबंदी कर आरोपी बंटी नायक (पिता स्व. बुधराम नायक, उम्र 37 साल) और शंकर नायक (पिता स्व. बुधराम नायक, उम्र 42 साल) दोनों निवासी शंकरपुर, उड़िया कॉलोनी वार्ड नं. 07 को गिरफ्तार कर लिया गया। श्री नामदेव ने बताया कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी प्रतिबंधात्मक धाराओं, आबकारी एक्ट और मारपीट जैसे कई अपराध दर्ज हैं। आरोपियों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही कर उन्हें न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आदेशानुसार उन्हें जेल भेज दिया गया है।

## चोरियों का सिलसिला जारी, योगाश्रम और दुकानों में सेंधमारी

राजनांदगांव (दावा)। पुलिस प्रशासन द्वारा गुंडों, बदमाशों, आपराधिक तत्वों और अवैध शराब व मादक पदार्थ बेचने वालों को पकड़ने के लिए अभियान छेड़ने के बावजूद शहर और ग्रामीण इलाकों में चोरियों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। शहर के जी.ई. रोड स्थित सत्यानंद योग आश्रम में कल रात चोरों ने धावा बोला और आश्रम की मिक्सर ग्राइंडर व खाद्य सामग्री उठाकर ले गए। बताया जाता है कि चोरों ने चोरी करने से पहले आश्रम में आराम से बैठकर भोजन भी किया और फिर सामान लेकर चंपत हो गए। कोतवाली पुलिस को सूचना मिलने पर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान कर लिए जाने की बात कही जा रही है, और चोर को जल्द ही हिरासत में लेने का दावा किया गया है।

### तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में चोरों का आतंक

इधर, तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में चोरों ने दहशत फैला रखी है। पुलिस चौकी होने के बावजूद यहाँ लगातार चोरियां हो रही हैं। पुलिस चौकी क्षेत्र के ग्राम धौराभाठा में एक किसान के खेत से किसानी कार्य में उपयोग आने वाले सामानों की चोरी कर ली गई है। पिछले दिनों भी तुमड़ीबोड़ क्षेत्र में दुकानों के ताले टूटे थे और चोर नकदी व सामान लेकर फरार हो गए थे। जिससे ग्रामीण जनता दहशत में है। यह भी बताते चलें कि हाल ही में नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले वार्ड कन्हारपुरी के किराना दुकान में भी चोरी हुई थी। इसके अलावा, चोरों ने लखोली बैगा पारा के हाई स्कूल को भी नहीं छोड़ा और स्कूल का ताला तोड़कर इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे कंप्यूटर और प्रिंटर चुरा लिए। गनीमत रही कि आसपास के लोगों की आहट सुनकर चोर डर गए और चोरी किए हुए सामान को छोड़कर भाग गए।

### मोबाइल दुकान में चोरी, दो आरोपी और एक नाबालिग गिरफ्तार

एक अन्य घटना में डोंगरगांव से आगे अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के गांव गुंडरदेही स्थित एक मोबाइल दुकान में चोरों ने धावा बोला। चोरों ने दुकान का रोशनदान तोड़कर 80 हजार रुपये मूल्य के 9 नग मोबाइल फोन चोरी कर लिए। प्रार्थी रितराम (पिता विजय साहू निवासी गुंडरदेही) ने इस संबंध में पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की और आखिरकार आरोपियों को धर दबोचा। पुलिस ने संदेही लोकेश (पिता स्व. चतुर यादव, उम्र 23 वर्ष, निवासी ग्राम बंधा बाजार), बिसंभर मंडावी (पिता पुनऊ राम, उम्र 21 वर्ष, निवासी ग्राम थैली टोला) और एक नाबालिग बालक (निवासी ग्राम गुंडरदेही) से पूछताछ की, जिस पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से चोरी गए सभी 9 नग मोबाइल फोन बरामद कर लिए हैं। दोनों वयस्क आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है, जबकि नाबालिग को बाल न्यायालय दुर्ग भेज दिया गया है।

## भाजपा सरकार के खिलाफ कांग्रेस का कल आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम

राजनांदगांव (दावा)। भ्रष्टाचार में डूबी भाजपा सरकार कांग्रेस नेताओं पर द्वेषपूर्ण राजनीति करते हुए लगातार कार्यवाही कर परेशान किया जा रहा है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ की गई कार्यवाही, विपक्ष को जानबूझकर बदनाम किए जाने के विरोध में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के आव्हान पर 22 जुलाई को पूरे प्रदेश के राष्ट्रीय राजमार्ग, प्रमुख मार्गों पर आर्थिक नाकाबंदी-चक्काजाम किया जा रहा हैं। जिसको लेकर शहर जिला कांग्रेस व ग्रामीण कांग्रेस द्वारा अतिआवश्यक बैठक लेकर आर्थिक नाकाबंदी चक्काजाम करने का निर्णय लिया है।



कांग्रेस की बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग में आर्थिक नाकेबंदी-चक्काजाम पर बनी रणनीति

जानकारी देते हुए शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा की सरकार में भ्रष्टाचार का बोलबाला, प्रदेश के खनिज संपदाओं का लगातार दोहन किया जा रहा है, मामला उजागर होने पर भाजपा सरकार घबराकर ईडी को सामने रखकर कांग्रेस नेताओं पर लगातार कार्यवाही कर डराया व धमकाया जा रहा है। उक्त जनहित मुद्दों को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर आगामी 22 जुलाई को पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम किया जा रहा है। जिसको लेकर शहर व जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में 20 जुलाई रविवार को सतनाम भवन में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की उपस्थिति में अतिआवश्यक बैठक लेकर आर्थिक नाकेबंदी चक्काजाम को सफल बनाने के संबंध में जिम्मेदारियां बांटी गई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार इस चक्काजाम में स्कूली बस और एंबुलेंस को मुक्त रखा जाएगा।

बैठक में शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व ग्रामीण अध्यक्ष भागवत साहू ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार पूरी तरह से भ्रष्टाचार में डूब चुकी है। उनके कार्यकाल में बलात्कार, हत्या, खनिज व रेत का अवैध उत्खनन बढ़ रहा है। बाहर से शूटर बुलाकार स्थानीय लोगों बंदूक से डराया व धमकाया जा रहा है। भाजपाईयों की दादागिरी में लगातार अवैध शराब का कारोबार बढ़ रहा है। जिसके कारण युवा वर्ग शराब के लत में डूब रहे हैं। माताएं-बहनें असुरक्षित हो गई है। अडानी बंधुओं के लिए प्रदेश के जल, जंगल और जमीन को बेच रहे है।

इन मुद्दों को लेकर कांग्रेस विधायक दल के नेताप्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज द्वारा लगातार भाजपा सरकार की भ्रष्टाचार की पोल खोल रहे हैं जिससे घबराकर केन्द्र की मोदी सरकार के निर्देश पर कांग्रेसजनों पर सीबीआई, ईडी भेजकर जबरन कार्यवाही की जा रही है। 18 जुलाई को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव व पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास पर छापेमार कार्यवाही करते हुए उनके परिवार के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई को लेकर पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज के आव्हान पर पूरे प्रदेश में आर्थिक नाकेबंदी की जा रही है। बैठक में शहर कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा, ग्रामीण कांग्रेस प्रभारी सुजीत बघेल, पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, विधायक दलेश्वर साहू, भोलाराम साहू, संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू, पूर्व विधायक भुवनेश्वर बघेल, पूर्व युवा आयोग अध्यक्ष जितेन्द्र मुदलियार, वरिष्ठ कांग्रेसी श्रीकिशन खंडेलवाल, रमेश डाकलिया, ननि प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने अपनी बाते सुझाव के माध्यम से रखी।

इस दौरान प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी कुतबुद्दीन सोलंकी, जिपं सदस्य महेन्द्र यादव, प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे, विवेक वासनिक, पंकज बांधव, डॉ. नरेन्द्र साहू, इकरामुद्दीन सोलंकी, रमेश खंडेलवाल, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष विकास त्रिपाठी, मोहम्मद यहया, महामंत्री नरेश शर्मा, हनी ग्रेवाल, अजय मारकंडे, चुम्मन साहू, विपिन यादव, विरेन्द्र बोरकर, संध्या साहू, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, अब्दुल खान, रतन यादव, शकील रिजवी, पार्षद मुकेश साहू, अमिन हुद्दा, सतीश मसीह, मनीष गौतम, किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू, अशोक फडनवीस, रज्जू जॉन, रौशनी सिन्हा, सुरेन्द्र देवांगन, गोपीचंद गायकवाड़, प्रतिमा बंजारे, संगीता साहू, मनीष सिमनकर, प्रज्ञा गुप्ता, मोहिनी सिन्हा, शैलेश ठावरे, बबलू कसार, अब्बास खान, खिलेश बंजारे, अतुल शर्मा, मो. इब्राहिम, सूरज शर्मा, चेतन सिन्हा, सागर ताम्रकार, सोनू खान, प्रकाश ठाकुर, भावेश सिन्हा, संदीप जायसवाल, उमर सिंह ठाकुर, उमेश यादव, जितेन्द्र सिन्हा, देवेन्द्र देवांगन, रामनाथ निर्मलकर सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## महाकाल की पालकी यात्रा का लाल बागेश्वर शिव मंदिर में होगा समापन



राजनांदगांव (दावा)। पावन सावन मास के दूसरे सोमवार को श्री महाकाल सेना के पावन सानिध्य में बाबा चंद्रमौलेश्वर महाकाल की पालकी का नगर भ्रमण क्लब चौक बसंतपुर चौंक से निकलकर कमला कालेज चौंक होते प्रभात नगर, जगन्नाथ मंदिर होते हुए हेमू कल्याणी नगर के लालबागेश्वर धाम शिव मंदिर में समापन होगा। शिव सेवा मंडल के भक्त आवतराम तेजवानी ने बताया कि समाज द्वारा पालकी यात्रा का हेमू कॉलोनी चौक में भव्य स्वागत होगा तथा महाप्रसादी की व्यवस्था सिंधू भवन में रख गई है। इस अवसर पर विशेष रूप से बाबा अमरनाथ का बर्फीले शिवलिंग के दर्शन भी होंगे। साथ ही लाल बागेश्वर शिव उद्यान में वृक्षारोपण का कार्यक्रम रखा गया है।

### विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल

पूज्य सिंधी पंचायत के महासचिव हरीश मोटलानी एवं राजस्व चेयरमैन एवं पार्षद राजा मखीजा ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह सुबह 8 बजे लाल बागेश्वर धाम पहुंचकर गली नंबर पांच स्थित शिव मंदिर में शिवबाबा के अमरनाथ रूप का दर्शन करेंगे। शिव मंडल के संजय तेजवानी ने सभी शिवभक्तों को कार्यक्रम में उपस्थिति का आव्हान किया है। यह जानकारी पूज्य सिंधी पंचायत के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार डुलानी ने दी है।

# सरकार के नीतिगत फैसलों ने बढ़ाया छत्तीसगढ़ के किसानों का मान

**डॉ. ओम डहरिया, सहायक जनसंपर्क अधिकारी**




## साल दर साल बढ़ रहा है किसानों की संख्या, रकबा और उत्पादन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार के नीतिगत फैसलों एवं कृषि मंत्री रामविचार नेताम के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ के किसान खुशहाल हैं। इन नीतियों से प्रदेश के किसान निरंतर समृद्धि की ओर अग्रसर हो रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय के नेतृत्व में राज्य में सरकार बनते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए प्रदेश के पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर प्रति एकड़ 21 क्विंटल 31 सौ रूपए प्रति क्विंटल की मान से धान खरीदी कर न सिर्फ किसानों का मान बढ़ाया बल्कि किसानों को उन्नति की ओर ले जाने में भी उल्लेखनीय कार्य किया है। राज्य सरकार ने बीते 18 महीने में विभिन्न योजनाओं के तहत् लगभग सवा लाख करोड़ रूपए किसानों के खाते में अंतरित की है। इन कल्याणकारी फैसलों और प्रोत्साहन से साल दर साल किसानों की संख्या, खेती-किसानी का रकबा और उत्पादन में वृद्धि हो रही है।

बता दें कि देश की जीडीपी में कृषि का बड़ा योगदान है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का मूल आधार भी कृषि ही है और छत्तीसगढ़ धान का कटोरा कहलाता है। मुख्यमंत्री श्री साथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार की इन डेढ़ साल की अवधि में किसानों के हित में लिए गए नीति गत फैसलों से खेती-किसानी की नया सम्बल मिला है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने किसानों से बीते खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में सर्वाधिक 24.75 लाख किसानों से समर्थन मूल्य पर 144.92 लाख मेट्रिक टन धान की खरीदी कर एक नया रिकार्ड कायम किया है। किसानों को समर्थन मूल्य के रूप में 32 हजार करोड रूपए का भुगतान एवं किसान समृद्धि योजना के माध्यम से मूल्य की अंतर की राशि 13,320 करोड़ रूपए का भुगतान किया गया था। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में प्रदेश के किसानों से रिकार्ड 149.25 लाख मीट्रिक टन धान खरीदी गई और धान खरीदी के एवज में किसानों को 34,500 करो? रूपए का तत्काल भुगतान किया गया तथा 12 हजार करोड़ रूपए की अंतर की राशि एकमुश्त सीधे किसानों के खातों में अंतरित किया गया। राज्य सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वायदे को पूरा कर यह बता दिया है कि छत्तीसगढ़ की खुशहाली और अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने का रास्ता खेती-किसानी से ही निकलेगा। राज्य सरकार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान की खरीदी के साथ ही दो साल के बकाया धान बोनस की राशि 3716 करोड रूपए का भुगतान करके अपना संकल्प पूरा किया, इससे प्रदेश के किसानों में खुशी की लहर है। किसानो का मानना है कि राज्य सरकार के फैसलों से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार किसानों की हितैषी है। खेती-किसानी ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। कृषि के क्षेत्र में सम्पन्नता से ही छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था सुदृढ़ होगी और विकसित राज्य बनाने का सपना साकार होगा।

छत्तीसगढ़ में किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन कृषि ऋण 01 अप्रैल 2014 से उपलब्ध कराया जा रहा है। ऋण की अधिकतम सीमा 5 लाख रूपए तक है। फसल ऋण में नगद एवं वस्तु का अनुपात 60 अनुपात 40 है। सहकारी एवं ग्रामीण बैंकों से ब्याज मुक्त कृषि ऋण उपलब्ध कराने के लिए खरीफ वर्ष 2024 में 15.21 लाख किसानों को 6912 करोड़ रूपए का अल्पकालीन कृषि ऋण शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर वितरित किया गया था। वर्ष 2025 में किसानों को 7800 करोड़ रूपए कृषि ऋण वितरित करने का लक्ष्य है। किसानों को 11 जुलाई की स्थिति में 5124 करोड़ रूपए कृषि ऋण वितरित किए गए हैं। यह किसानों के हित में क्रांतिकारी कदम है।

छत्तीसगढ़ में किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री सिंचाई योजना लागू की गई है। सौर सुजला योजना के माध्यम से सरकार ने दूरस्थ वनांचल में जहां बिजली की सुविधा नहीं है, वहां किसानों के खेतों में भी इस योजना के माध्यम से सौर सुजला सिंचाई पंप स्थापित कर सिंचाई की व्यवस्था की गई है। छत्तीसगढ़ में किसानों एवं भूमिहीन मजदूरों की स्थिति में सुधार, कृषि एवं सहायक गतिविधियां के लिए समन्वित प्रयास पर राज्य सरकार का फोकस है। कृषि विभाग के बजट में बीते वर्ष की तुलना में वर्ष 2024-25 में 33 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए 13 हजार 435 करोड रूपए का प्रावधान किया गया है। छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था में कृषि का महत्वपूर्ण योगदान है, इसलिए राज्य के बजट में भी कृषि के साथ-साथ ग्रामीण विकास को फोकस किया गया है। यहां धान और किसान एक-दूसरे के पर्याय है। पिछले वर्ष 149.25 लाख मीट्रिक टन धान समर्थन मूल्य पर राज्य के 25 लाख 48 हजार 798 किसानों से खरीदी की गई है। राज्य सरकार ने बजट में कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का आवंटन किया, जिसका उद्देश्य कृषि समृद्धि को बढ़ावा देना है। वहीं किसानों के 5 एचपी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3,500 करोड़ रुपये का बजट प्रावधान किया गया है। इसी तरह भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत राज्य के 5.65 लाख भूमिहीन मजदूरों को सालाना 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। इसके लिए 600 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही दलहन एवं तिलहन फसलों समर्थन मूल्य पर खरीद के लिए 80 करोड़ रुपये तथा फसल बीमा योजना के लिए 750 करोड़ रुपये और मोटे अनाजों के साथ-साथ दलहन, तिलहन, बीज उत्पादन एवं वितरण के लिए कृषक समग्र विकास योजना के लिए 150 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह सरकार की किसान हितैषी नियत को दर्शाता है।

केन्द्र सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के 26 लाख से ज्यादा किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का भी लाभ मिल रहा है। इस योजना में किसानों को तीन किश्तों में साल में 6 हजार रूपए की राशि केन्द्र सरकार के द्वारा सीधे किसानों के बैंक खातों में दी जा रही है। केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में धान के विपुल उत्पादन को देखते हुए केन्द्रीय पूल में 78 लाख मीट्रिक टन चावल जमा करने का लक्ष्य दिया है।

## अनमोल दावा

*अपने लक्ष्य को इतना महान बना दो कि व्यर्थ के लिए समय ही ना बचे।*

## सम्पादकीय

# भारत, रूस और चीन एक हो गए तो यह अमेरिका के लिए सिरदर्द होगा!

नाटो अमेरिका के ईशारे पर चल रहा है, इस कारण पूरे विश्व में सत्ता और शक्ति की असमानता परिलक्षित तो रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प प्रतिदिन विश्व को धमकियां दे रहे हैं। ट्रम्प प्रतिदिन विश्व को धमकियां दे रहे हैं। ट्रम्प तो उन्हें भी प्रताड़ित कर रहे हैं जो उनकी नीति का विरोध कर रहे हैं। जैसे, उन्हें देश निकाला का आदेश दे रहे हैं। उनकी नागरिकता छीनी जा रही है। मानहानि का मुकदमा कर रहे हैं। कैनेडा, चीन और मैक्सिको से शुरू हुआ टैरिफ युद्ध अब काम्बोडिया जैसे छोटे से देश तक विस्तार ले चुका है। स्वयं को शान्तिदूत बता रहे हैं और विश्व पर शस्त्र और टैरिफ की धाक जमा रहे हैं। इससे हासिये में चले गए उन देशों को नाटों का तिनके जैसे सहारा मिल गया है।

सत्ता की यह असमानता सम्पूर्ण विश्व के लिए खतरनाक है। रूस और चीन के लक्ष्य में अमेरिका है। इनसे जिन देशों के मैत्रीपूर्ण व्यापारिक संबंध इन देशों के साथ है, उन पर ट्रम्प की वक्र दृष्टि है। नाटो इससे अछुता नहीं है। अब ये सभी राष्ट्र एक होंगे तो विश्व में एक नई शक्ति अस्तित्व में आएगी। यह जरूरी भी हो गया है। विश्व में यु त्रिपुटीसर्व शक्तिशाली बन सकते हैं।

इधर, भारत भी तटस्थ होने के बावजुद प्रभावित हो गया है। वह भी रूस और चीन से मौजुदा हालात में हाथ मिला सकता है। रूस, चीन और भारत का एकत्र होना, याने लगभग 26 ट्रीलीयन डालर का भारी भरकम अर्थतंत्र, जो विश्व का एक चौथाई अर्थतंत्र होगा। सैन्य के दृष्टिकोण से भी ये तीनों ही देशों के पास शक्तिशाली शस्त्रों का भंडार है। चीन शस्त्रों के उत्पादन का केन्द्र है। रूस के पास विपुल मात्रा में क्रूड आईल, कोयला और प्राकृतिक गैस है। भारत उत्पादन क्षेत्र में उभरता हुआ देश है। भारत इन्फार्मेशन टेक्नालाजी (आईटी) वैश्विक हब है। इस कारण, इस महानतम शक्ति की उपेक्षा करना अमेरिका सहित विश्व के किसी भी देश या संस्था के लिए असंभव है।

वैसे, उल्लेखनीय यह है कि पूर्व में भी रूस, चीन और भारत की त्रिपुटी बनी थी। जिसे ''आर आई सी'' कहा गया था। यह प्रयास 1998 में हुआ था। किन्तु, कालान्तर से यह सुषुप्त है। सर्वाधिक बड़ी समस्या यह है कि, भारत और चीन के बीच के संबंध सात दशकों से उतार-चढ़ाव के रहे हैं। भारत और चीन के बीच 1961 में युद्ध भी हुआ था। तभी से भारत और चीन के संबंधों में मीठास कम और कड़वाहट ज्यादा है। वर्ष 2020 में भारत और चीन के बीच फिर मुठभेड़ हुई थी। भारत ने जब-जब भी चीन के साथ सीमा, राजद्वार और सेना संबंध बनाने के प्रयास किए थे, तब चीन ने पीठ पीछे खंजर भोकने का ही काम किया था। कोरोना महमारी भी चीन की देन है। अब गत वर्ष 2024 में ब्रिक्स देशों की बैठक में जलवायु परिवर्तन, ऊर्जा और वैश्विक आर्थिक स्थिरता बाबत मंत्रणा हुई थी। भारत-चीन सीमा का विवाद गहरा और विस्तार लिए है। लद्दाख, अरूणाचल प्रदेश सहित देश के बीच का सरहद विवाद सुलझा नहीं है। इसके साथ-साथ चीन के पाकिस्तान के साथ संबंध, जो हमारा शत्रु है, इसकी भी मन में टीस है। पाकिस्तान प्रेरित आतंकवाद हो या कश्मीर का मुद्दा, चीन पाकिस्तान का इसमें पक्षधर रहा है।

उधर, भारत और चीन के बीच 'कल, आज और कल' ये तीनों ही काल में अविश्वास छाया हुआ है। खैर, आर.आई.सी. की त्रिपूटी, को पुनः सक्रिय करने की पहल रूस ने की है। रूस के विदेश मंत्री तीनों ही देशों की मंत्रणा शुरू करने के प्रयास में हैं। निकट दिनों में यह मंत्रणा आकार ले सकती है। भारत और चीन के बीच कभी भी एक साथ बातचीत पिछले पांच सालों में नहीं हुई है। जरूरी है, परस्पर अविश्वास दूर करना। तभी, सहयोग प्राप्त करने तीनों देश तत्पर होंगे। अमेरिका को हैरान व परेशान करने संभव है, रूस, चीन और भारत एक मंच पर आ जाए।

## विचार सरिता

# जीवन कौशलः मजाक की आड़ में न कहें, किसी के दिल को चुभ जाने वाली बात

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



सार्वजनिक व्यवहार में सावधानी बरतना अत्यंत आवश्यक होता है। बातचीत में यह ध्यान रखना आवश्यक है कि किसी असावधानी के कारण सामने वाले व्यक्ति का अपमान न हो। आपकी बात का कोई ऐसा अर्थ भी न निकले कि किसी के हृदय को ठेस लग जाए। कुछ लोगों का स्वभाव बहिर्मुखी होता है तो कुछ का अंतर्मुखी होता है। कुछ गंभीर किस्म के होते हैं तो कुछ मजाकिया किस्म के। वहीं, कुछ ऐसे व्यक्ति भी होते हैं जो अपने मजाकिया स्वभाव का लाभ उठाकर बातों ही बातों में किसी का

अपमान कर देते हैं और कुछ फिर कहते हैं:-

''मैंने तो मजाक में ऐसा कहा है।''

''मेरा तो स्वभाव ही ऐसा है।''

''मैं तो इसी तरह से बात करता हूँ।''

''मेरी तो आवाज ही ऊंची है।''

''मेरी तो बोलने की टोन ही ऐसी है।''

आप अपने भीतर की भड़ास को मजाक का आवरण देकर या अपना स्वभाव बताकर बाहर किसी पर निकाल नहीं सकते हैं। अतः मजाक में भी चुभने वाली बातें नहीं कहें। अगर सीधे कोई बात कहने की क्षमता नहीं है, तो उसे न कहें। मजाक करना गलत नहीं है, लेकिन यह परिस्थितिजन्य हँसने वाली बातों या विनोदपूर्ण ढंग से किसी की संभावित भूल को उजागर करने के लिए हो, तो बेहतर है। मजाक का उपयोग किसी पर व्यंग्य करने या किसी के दोषों को उजागर करने के लिए नहीं होना चाहिए। अगर आपका स्वभाव इसी तरह मजाक की आड़ में लोगों को अपमानित करने का है, तो इसे बदल दीजिए। अगर अपना ऐसा दुखी करने वाला स्वभाव नहीं बदल सकते हैं तो कम से कम सार्वजनिक आचरण के समय इस बात को सुधारिए। यह आवश्यक नहीं कि सार्वजनिक जीवन में बदतमीजी की हद तक जाने वाली आपकी चुभने वाली बातों को हर कोई बर्दाश्त कर ले।

## (श्रावणी कविता)

### शिव जी के दुवरिया

चलो शिवजी के दुवरिया जाबो  
भोलेनाथ के जै-जै मनाबो।  
सावन के हर सोमवार में  
बेल पतरी संग जल ल चघाबो।  
शिव हावे सिधवा देवता  
जल्दी से मान जाथे,  
जइसने मांगो तइसने वरदान  
देथे, वांछित फल सब पाथे।  
भांग धतूरा पींयर फूल हे प्यारा  
कॉवरिया के जल ह भाथे,  
सावन में ओम नमो शिवाय के  
जप ह, चारों डहर सुनाथे।  
हो जही भव सागर पारा ।  
शिव शंकर के ल गुन गाबो,,।।  
चलो शिव के दुवरिया...........  
जेकर नाम हे औघड़ दानी  
पापी ह घलो वर पाथे  
रावण होवय या भस्मासुर  
खाली हाथ नी जाथे ।  
ये हवे शंकर, कोप भयंकर,  
प्रलय घलो ल लाथे,  
दुनिया खातिर, जहर ल पीथे  
नीलकंठ कहिलाथे।



सावन महिना के देवता हावय,  
शीश चलो हम नवाबो।।  
चलो शिव के दुवरिया......  
शिव ल जप लो शिव मिल जाही  
पारबती असन तपस्या करबे ।  
मन में, तन में, शिव ह समाही  
शिव किरपा म तरबे।  
सबो समस्या जल हल करथे ।

जलाभिषेक कर देखव  
ओम नमः शिवाय मंत्र ले  
तर जाथे मनखे भव।  
सत्यं ही शिव हे सुन्दर हे शिव ह,  
शिव ही शिव में समाबो।।  
चलो शिव के दुवरिया..........  
काल कंटक ल काटने वाला  
दुख हर्ता हे शिव जी  
भूत-परेत-मशान संग चलथे।  
आनंद, सुख भर्ता शिव जी  
शिवजी के भक्ति, दुख नइ रत्ती  
पूजा पाठ सरल हे।  
बेल पत्ती, फूल- पान चढ़ा दें  
निकलथे सरी समस्या के हल हे।  
दूनियां के सरी सुख मिल जाथे,  
अइसन देवता ल मनाबो।।  
चलो शिव के दुवरिया जाबो।।



**मानसिंह ''मौलिक''**  
**महामाया चौंक बसंतपुर**  
**- 9131618653**

## सामयिक चर्चा

### चुटकुला हुए ट्रम्प

बानी खबर पढ़कर,  
बोले - ''गजाधर!  
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा -  
''भारत पाकिस्तान संघर्ष में पॉच जेट गिरे।''  
पर जेट किस देश के गिरे,  
यह उन्होंने नहीं बताया।  
और आश्चर्य कि उन्होंने  
चौबीसवीं बार कहा  
''भारत और पाकिस्तान के बीच  
सीज फायर मैंने कराया।''  
इस पर गजाधर ! आप क्या कहते हैं?'  
गजाधर मुस्कराए, बोले-''बानी!  
ट्रम्प, इस तरह बार-बार  
किसी एक बात को बोल-बोलकर  
खुद उसे झुठा साबित करते हैं।  
और फिर अपने दिए बयान पर,  
जब-तब 'यू टर्न' लेकर,  
वे हँसी-दिल्लगी के पात्र बनते हैं।  
तो बानी! 'यू टर्न' का मतलब,  
अब 'ट्रम्प' हो गया है।  
हॉ! एक बात और ट्रम्प के आने से,  
रट्टू तोता बेचारा, दीन, हीन होकर  
जाने कहाँ खो गया है?''



**-गिरीश बख्शी**

## कविता

### सच बोलने से डर लगता है

तुम्हारे चेहरे  
हमारे खून से रंग गए  
तुम अपनी मौत  
छिपा सकते हो  
मेरा खून नहीं  
गांधी तुम्हारे देश में  
सच बोलने से डर लगता है  
यह कैसी हवा है  
हर जुल्म पर  
जुल्म का पर्दा  
टंगा हुआ है  
अपराधियों की लंबी कतार  
खड़ी कर-पहले सजा  
बाद में जुल्म तलाशी  
का हुक्म हुआ है  
अब एक नहीं-अनेक राजघाट  
काश्मीर से कन्याकुमारी तक  
हजारों लाखों कस्बों में  
रहने बसने वालों के हृदय  
में बन गए हैं  
कसमों का सिलसिला  
तुम तक ही नहीं  
उन तक चला था  
राजघाट की दूरियां  
रस्मों की बिनां पर  
कब तक नापते रहोगे

तुम अपने आपको  
मृत्युंजय समझने लगे हो  
गांधीवाद के नाम पर  
कही तुम्हारी सारी बातें  
यथाःअपराध से घृणा करो  
अपराधी से नहीं  
अपराध को खत्म करो  
अपराधी को नहीं  
बैताल की कथाओं सी  
रोचक अवश्य लगती हैं  
पर यह कथाएं-बस  
किस्से कहानी बनकर  
रह जाती हैं-कभी  
चरितार्थ नहीं होती  
ओर वह बैताल  
तुम्हारे कंधों से निकलकर  
राजघाट चला जाता है  
किसी और मृत्युंजय के  
कंधों पर चढ़ने के लिए



प्रभात कुमार तिवारी  
जयस्तम्भ चौक राजनांदगांव  
मो.नं. 7804865033




## राशिफल

**मेष** — आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आप पार्टनरशिप में किसी बिजनेस की शुरुआत को लेकर बात कर सकते हैं, जो आपके लिए फायेदेमंद साबित होगा। आर्ट्स के स्टूडेंट के लिए आज का दिन अच्छा रहने वाला है, मन में आज नए विचार आएंगे। आज बेरोजगार व्यक्तियों को रोजगार मिल सकता है।

**वृष राशि** — आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। बिजनेस के सिलसिले में आपकी आज विदेश यात्रा भी हो सकती है। सरकारी ऑफिस में काम करने वालों को जल्द ही पदोन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। आज मेहमानों के आगमन से आपके घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। परिवार वालों के साथ कहीं बाहर जाने का प्लान बन सकता है।

**मिथुन** — आज का दिन ठीक-ठाक बना रहेगा। आज आपको रोजगार के लिए बढ़िया अवसर प्राप्त होंगे। आज आप अपने किसी करीबी दोस्त के साथ बाहर जा सकते हैं, जहां आपका मन लगेगा। आज आप करियर से रिलेटेड कोई बात अनुभवी व्यक्ति से कर सकते हैं, जो आपको अच्छी सलाह देंगे। आज का दिन अच्छा रहेगा।

**कर्क** — आज का दिन आप परिवार वालों के साथ बिताएंगे। प्राइवेट ऑफिस में कार्यरत व्यक्तियों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे और आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपके बच्चों से आपको गुड न्यूज मिल सकती है, जिससे आपको गर्व महसूस होगा। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जा सकते हैं।

**सिंह** — आज का दिन बेहद खास रहने वाला है। आज आप अटके हुए काम को पूरा करने में दोस्त की मदद ले सकते हैं। दुकानदारों के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा, आज अच्छी कमाई होने का योग बन रहा है। कला के क्षेत्र में रुचि रखने वालों को आज अच्छे ऑफर मिल सकते है। आज जॉब के अच्छे ऑफर मिलने की संभावना बन रही है।

**कन्या** — आज का दिन अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में बड़ी डील मिलने के योग बन रहें है, जिससे आपको धनलाभ हो सकता है। आज आपको ससुराल पक्ष से शुभ समाचार मिलने के संकेत बन रहे हैं। आज पारिवारिक रिश्तों के बीच सामंजस्य बनाने में आप सफल रहेंगे। आज मनोरंजन में पैसे खर्च हो सकते हैं, लेकिन आपको आनन्द की प्राप्ति होगी।

**तुला** — आज आपकी रुचि नए कार्यों में बढ़ेगी जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आज बिजनेस में बढ़िया धन लाभ होगा, लेकिन आप अपने अनावश्यक खर्चो से बचने का प्रयास करें। आज आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत रहेगा, घर में सुख-सुविधा की बढ़ोतरी होगी। आज एक्सट्रा वर्क करने से रुका हुआ काम जल्दी पूरा हो जाएगा।

**वृश्चिक** — आज का दिन मिली-जुली प्रतिक्रिया देने वाला रहेगा। आज अगर बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर किसी काम की शुरुआत करेंगे, तो आपको फायदा होना तय है। आज स्वास्थ्य के प्रति आप थोड़ी सावधानी रखें, इसलिए बेहतर होगा कि आप बाहर के खाने को न खाएं। आज लॉन्ग ड्राइव पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु** — आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको अधिकतर कार्यों में सफलता हासिल होगी। आज घर का खुशनुमा माहौल आपको खुशी प्रदान करेगा, बच्चे भी मन लगाकर पढ़ाई करेंगे। आज आपके सकारात्मक विचारों से खुश होकर बॉस आपको उपहार स्वरूप उपयोगी वस्तु गिफ्ट कर सकते हैं।

**मकर** — आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आज आप बिजनेस को बड़ा बनाने के लिए, किसी एक्सपर्ट की राय ले सकते हैं। आज आप किसी काम को करने से पहले उसकी योजना जरूर बना लें, जिससे उसे पूरा करने में आसानी रहेगी। आज आप अपने स्वास्थ्य के साथ-साथ घर के सदस्यों का भी ध्यान रखें।

**कुंभ** — आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपको बिजनेस में अचानक बड़ा धन लाभ होगा और भौतिक-सुख की प्राप्ति होने से मन प्रसन्न रहेगा। इस राशि के विद्यार्थियों के लिए भी आज का दिन अच्छा है, पढ़ाई में मन लगेगा। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी, जिससे पूरा परिवार खुश होगा।

**मीन** — आज का दिन बेहतरीन रहेगा। आज आप बिजनेस को नयी ऊंचाई तक पहुंचाने के लिए अथक प्रयास करेंगे। इस राशि के विवाहित जातकों के लिए आज का दिन अच्छा है, जीवनसाथी के साथ कहीं बाहर डिनर पर जा सकते हैं। आज आपकी मुलाकात किसी पुराने मित्र से हो सकती है, जिससे आप दोनों को खुशी होगी।

# पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में खेल शिक्षक न होने से छात्र खेल प्रतियोगिताओं से वंचित, पालकों में रोष

छुरिया (दावा)। विद्यार्थी जीवन में खेलकूद का महत्व किसी से छिपा नहीं है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक और सामाजिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। खेल छात्रों को स्वस्थ, अनुशासित और टीम भावना से काम करने वाला व्यक्ति बनाते हैं और कई प्रतिभावान खिलाड़ी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना करियर बनाते हैं। राज्य सरकार खेलों और खिलाड़ियों के प्रोत्साहन पर करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, लेकिन इसके बावजूद, पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में खेल शिक्षक न होने के कारण यहां के प्रतिभावान छात्र-छात्राएं 15 जुलाई से 23 अगस्त तक होने वाली विभिन्न खेलों की विकासखंड स्तरीय चयन प्रतियोगिता में भाग लेने से वंचित हो गए हैं। इस स्थिति से छात्र-छात्राओं और उनके पालकों में भारी रोष व्याप्त है।



## खेल शिक्षक की कमी और प्राचार्य की उदासीनता

जानकारी के अनुसार समिति द्वारा संविदा नियुक्ति का नवीनीकरण न करने का निर्णय लिया गया। जिसके कारण व्यायाम शिक्षक संविदा रवि जैन की सेवा समाप्त कर दी गई। इसके बाद पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया में किसी नए व्यायाम शिक्षक की भर्ती नहीं की गई। हैरानी की बात यह है कि यहां के प्राचार्य द्वारा किसी अन्य शिक्षक को भी इसका प्रभार नहीं दिया गया। जिसके चलते प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं विकासखंड स्तरीय खेल चयन प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं ले पाए।

यह गौरतलब है कि विकासखंड से चयनित खिलाड़ी जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेते हैं। जिसके बाद प्रदेश स्तरीय और फिर राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ियों का चयन होता है। जिससे वे अपना करियर बना पाते हैं। पूर्व के वर्षों में पीएम श्री आत्मानंद स्कूल छुरिया से विभिन्न खेलों में प्रतिभावान खिलाड़ियों का संभाग और राज्य स्तरीय खेलों के लिए चयन हुआ था।

## प्राचार्य ने जानकारी होने से किया इनकार

जब इस संबंध में पीएमश्री आत्मानंद स्कूल के प्राचार्य धनेश सिन्हा से पूछा गया तो उन्होंने विकासखंड स्तरीय खेल प्रतियोगिता की कोई जानकारी न होने और बोर्ड परीक्षा में व्यस्त होने की बात कही। वहीं खेल शिक्षक के न होने पर किसी अन्य को प्रभार दिए जाने की बात पर उन्होंने किसी अन्य को प्रभार न दिए जाने की पुष्टि की। इस उदासीनता के कारण यहां के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक साल बर्बाद हो गया है। जिससे छात्र-छात्राओं और उनके पालकों में गहरा रोष है। नाराज पालकों ने शाला प्रबंधन को इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

# बीपीएस के विद्यार्थियों ने समझा मतदान का महत्व : बैलेट पेपर से हुए छात्र संघ चुनाव

## आज की जाएगी चुनाव परिणाम की घोषणा



डोंगरगांव (दावा)। देश में प्रत्येक व्यक्ति 18 वर्ष पूर्ण होने पर अपने मताधिकार का प्रयोग करता है, लेकिन मानव समाज कल्याण एवं शिक्षण समिति द्वारा संचालित भारतीय पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल (बीपीएस) के छात्र-छात्राओं ने 18 वर्ष पूर्ण होने से पहले ही अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान के महत्व को समझा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राचार्य सुनील कुमार पांडेय के मार्गदर्शन में 19 जुलाई शनिवार को शाला में छात्र संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रभारी व अन्य पदों के लिए चुनाव का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 324 छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। चुनाव में सभी को मतदान का अनुभव प्रदान करने के लिए पूर्व विधानसभा चुनाव के तर्ज पर बैलेट पेपर के द्वारा मतदान कराया गया। इसमें सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह भी जाना कि पहले लोग किस तरह मतदान करते थे। मतदान के बाद छात्र-छात्राओं ने अपने विचार साझा किए। जिसमें उन्होंने इस मतदान अनुभव को 'अनोखा अनुभव' बताया। मतदान को संपन्न कराने में पीठासीन अधिकारी के रूप में गौरव देवांगन और सहायक पीठासीन अधिकारी के रूप में लूनकरण यादव उपस्थित थे। वही निर्वाचन अधिकारी के रूप में वीरेंद्र कुमार राजपूत और पी.एल. बया उपस्थित रहे। निर्वाचन सहयोगी के रूप में देवेंद्र साहू, कामता सेन, कोमल सेन, वीणा साहू, संजू उइके, लता निषाद, आरती साहू, तृप्ति देवांगन, विवेक अंबादे एवं अविनाश दुबे ने सहयोग किया। चुनाव परिणाम की घोषणा 21 जुलाई को की जाएगी।

# पहला कॉलम...

## लोकतंत्र को कुचलने की कोशिशें कभी सफल नहीं होंगी - विष्णु लोधी



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ लोधी समाज के प्रदेश कोषाध्यक्ष और वरिष्ठ कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल की ईडी द्वारा उनके जन्मदिन पर की गई गिरफ्तारी को 'लोकतंत्र के मुँह पर तमाचा' बताया है। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक व्यक्ति या परिवार को निशाना बनाना नहीं है, बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ की अस्मिता और जनता की आवाज को दबाने का प्रयास है। विष्णु लोधी ने इस घटना पर अपनी पीड़ा व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र सरकार की यह कार्यवाही राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब जनता का समर्थन नहीं मिलता तो सत्ता में बैठे लोग जांच एजेंसियों को हथियार बनाकर विपक्ष को डराने लगते हैं।

### यह गिरफ्तारी नहीं, चेतावनी है

श्री लोधी ने कहा कि भूपेश बघेल ने अपने मुख्यमंत्री काल में किसानों, आदिवासियों और श्रमिकों को जो सम्मान दिया। वह भाजपा को कभी रास नहीं आया। उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ की खुशहाली भाजपा को असहज करती रही है, इसलिए अब वह व्यक्तिगत हमलों पर उतर आई है। उन्होंने चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी को 'गिरफ्तारी नहीं, बल्कि चेतावनी' बताया। जिसका निहितार्थ है कि यदि किसी ने आवाज उठाई, तो उसका परिवार भी सुरक्षित नहीं रहेगा। लोधी ने आगे कहा, 'अगर आपने किसानों का पक्ष लिया, आदिवासियों की ज़मीन बचाई, युवाओं को रोजगार दिलाया – तो सत्ता आपको मिटाने की कोशिश करेगी।'

### हम डरने वाले नहीं, लड़ेंगे

विष्णु लोधी ने दृढ़ता से कहा, हम डरने वाले नहीं। हम लड़ेंगे – सत्य, संविधान और जनहित की रक्षा के लिए। उन्होंने जोर देकर कहा कि आज यह सिर्फ भूपेश बघेल का मामला नहीं है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति की लड़ाई है, जो तानाशाही के खिलाफ खड़ा है। उन्होंने जनता से आह्वान किया कि अब चुप रहने का समय नहीं है और संविधान, न्याय तथा लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर मंच से आवाज बुलंद की जाए। लोधी ने ऐतिहासिक संदर्भ देते हुए कहा, जब-जब सत्ता अहंकारी हुई है, तब-तब जनआंदोलन ने इतिहास रचा है। और अब वो समय फिर आ गया है। यह बयान छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल को और गरमा सकता है।

## चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी : कांग्रेस ने बताया भाजपा का राजनीतिक प्रतिशोध



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पुत्र चैतन्य बघेल को उनके जन्मदिन के अवसर पर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा की गई गिरफ्तारी पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। लोकनाथ भारती, पूर्व उपाध्यक्ष प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग, ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए इसे भाजपा की केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की विष्णुदेव सरकार द्वारा राजनीतिक प्रतिशोध से प्रेरित और स्तरहीन बताया है। श्री भारती ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई यह साबित करती है कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार संवैधानिक संस्थाओं जैसे ईडी का दुरुपयोग करके विपक्ष की आवाज को दबाने और डराने का काम कर रही है।

### भ्रष्टाचार सिर्फ विपक्षी नेताओं तक ही क्यों?

लोकनाथ भारती ने आगे सवाल उठाते हुए कहा, क्या भ्रष्टाचार केवल विपक्षी दलों के नेताओं तक सीमित है? जब भाजपा और उनके सहयोगी दलों के नेता भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे हैं तो उनके खिलाफ ईडी की कार्रवाई क्यों नहीं की जाती है? उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेताओं के परिवार के सदस्यों को निशाना बनाकर राजनीतिक प्रतिशोध लेना लोकतंत्र के लिए खतरनाक है। श्री भारती ने कहा कि यह कार्रवाई न्याय संगत नहीं है, बल्कि एक सोची समझी साजिश है। उन्होंने इसे न्याय प्रक्रिया नहीं बल्कि राजनीतिक दबाव का हिस्सा करार दिया। कांग्रेस ने ईडी की इस कार्रवाई की घोर निंदा करते हुए संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग को बंद करने की मांग की है। लोकनाथ भारती ने दोहराया कि भाजपा ईडी का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को चुन-चुनकर बदले की भावना से काम करने के लिए कर रही है।

## बांधाबाजार पंचायत 23 को करेगा चक्काजाम

बांधाबाजार (दावा)। बांधाबाजार ग्राम पंचायत के ग्रामीण अपनी समस्याओं और मांगों को प्रशासन से मनवाने के लिए 23 जुलाई बुधवार को मुख्य मार्ग पर चक्काजाम करेंगे। यह निर्णय सरपंच युवराज नेताम के नेतृत्व में लिया गया है, जिसमें प्रशासन को होने वाली किसी भी असुविधा के लिए पूरी तरह से जिम्मेदार ठहराया गया है। साल 2000 में ढाढूटोला पंचायत से अलग होकर बाधाबाजार पंचायत का गठन हुआ था, लेकिन तब से लेकर आज तक पंचायत का नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज नहीं हो पाया है। यह एक बड़ी समस्या है। जिसके कारण ग्रामीणों की अन्य प्रमुख मांगें भी लंबित हैं। इनमें मुख्य रूप से जिला सहकारी ग्रामीण बैंक की स्थापना और एक नवीन शराब भट्ठी खोलने की मांग शामिल है।

# फर्जी बिल से सरकारी राशि गबन : जिला पंचायत सीईओ ने दिए जांच के आदेश

- 0 जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ सौपेंगे जांच प्रतिवेदन
- 0 ग्राम पंचायत भुरभूसी का हुआ था भौतिक सत्यापन

गंडई पंडरिया (दावा)। नगर से महज 2 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम पंचायत भुरभूसी इन दिनों फर्जी बिलों के सहारे सरकारी राशि गबन करने के मामले में सुर्खियों में है। यहां पूर्व सरपंच और वर्तमान सचिव की मिलीभगत से लाखों रुपये का गबन करने का आरोप है। इसका खुलासा हाल ही में हुए भौतिक सत्यापन के दौरान भी हो चुका है। अब इस मामले के समाचार प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत खैरागढ़ के सीईओ ने जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ को जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के आदेश जारी कर दिए हैं।

यह गौरतलब है कि त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था में गांवों में विकास की गंगा बहाने की जिम्मेदारी ग्राम पंचायतों को सौंपी गई है, लेकिन कुछ ग्राम पंचायतों में इस अधिकार का दुरुपयोग खुले आम किया जा रहा है और शासकीय राशि का जमकर बंदरबांट हो रहा है। ऐसा ही एक गंभीर मामला नगर से लगे ग्राम पंचायत भुरभूसी का सामने आया है। इस पंचायत में कई फर्जी बिल लगाकर पूर्व सरपंच और वर्तमान सचिव द्वारा लाखों रुपये गबन कर लिए गए हैं। इसका खुलासा बीते दिनों भौतिक सत्यापन के लिए आई प्रशासनिक टीम ने किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत भुरभूसी में 12 जुलाई को भौतिक सत्यापन के लिए टीम पहुंची थी। इस टीम में मनीष कुमार साहू (अनुविभागीय अधिकारी, ग्रा.या. सेवा उप संभाग खैरागढ़), प्रकाशचंद्र तारम (सहायक परियोजना अधिकारी), मोहित राम ध्रुव (जिला अंकेक्षक) और जॉनसन मिंज (सहायक प्रोग्रामर) शामिल थे। जांच के दौरान पाया गया कि पूर्व सरपंच लक्ष्मी साहू पति हूलेश साहू द्वारा वित्तीय वर्ष 2020 से 2024 तक तैयार की गई रोकड़ बही में लाखों रुपये के ऐसे कई फर्जी बिल चस्पा किए गए हैं, जिनका भुगतान वेंडरों को किया ही नहीं गया है। इससे स्पष्ट है कि पूर्व सरपंच और वर्तमान सचिव तुका राम पटेल ने मिलीभगत कर शासन को लाखों रुपयों का चूना लगाया है। यदि पंचायती राज में ऐसे हालात रहे, तो गांव का विकास कितना होगा। इसका सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है।

बताया जाता है कि इन पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा ऐसे कई बिल लगाए गए हैं। जहां निर्माण कार्य हुआ ही नहीं है और इसके लिए बाकायदा मटेरियल की कई सारी बिलें लगाई गई हैं। इधर जांच में आए अधिकारियों से मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उनके द्वारा भी गोलमोल जवाब दिया जा रहा था। जिससे ऐसा लग रहा था कि यह मामला कहीं ठंडे बस्ते में न चला जाए। हालांकि गत दिनों इस मामले में अखबार में खबर प्रकाशित होने के बाद जिला पंचायत सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने मामले को संज्ञान में लेते हुए तत्काल जनपद पंचायत छुईखदान के सीईओ को जांच कर जांच प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आदेश जारी किया है।

### वेंडरों को नहीं हुआ है भुगतान

ग्राम पंचायत भुरभूसी द्वारा लगभग 50 से अधिक वेंडरों को लाखों रुपये का भुगतान किए जाने के बाकायदा बिल लगाए गए हैं, लेकिन बताया जाता है कि इन वेंडरों को वास्तव में भुगतान हुआ ही नहीं है। या फिर जिनको भुगतान हुआ भी है। वह बिल के हिसाब से नहीं किया गया है और जो बिल वाउचर दिखाए जा रहे हैं, वे पूर्णतः फर्जी हैं। यदि वेंडरों के खातों का भी स्टेटमेंट देखा जाए तो पूर्व सरपंच और वर्तमान सचिव की मिलीभगत उजागर हो जाएगी।

### दो लाख रुपये में दो कुर्सी

बताया जाता है कि इस ग्राम पंचायत में आरसी चेमर डोंगरगढ़ को आरसीसी कुर्सी के नाम से 2 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। वहीं गांव में सिर्फ दो नग आरसीसी सीमेंट कुर्सी ही रखी गई हैं। जिसमें एक कुर्सी की कीमत 1 लाख रुपये मानी जा रही है। इस प्रकार सैकड़ों ऐसे बिल लगाए गए हैं। जिनकी सूक्ष्मता से जांच की जाए तो कई सारी सामग्रियां यहां पर मिलेंगी ही नहीं।

> ग्राम पंचायत भुरभूसी के लिए रोकड़ बहीखाते का जांच के लिए आदेश जारी हुआ है की नहीं मुझे मालूम नहीं है। मैं अवकाश में हूँ।
>
> **रवि कुमार, सीईओ जनपद पंचायत छुईखदान**

> ग्राम पंचायत भुरभूसी मे फर्जी बिल को लेकर रोकड़बही खाते की जांच के लिए जनपद पंचायत सीईओ को 16 जुलाई को समाचार प्रकाशन के बाद आदेशित किया गया है और जांच प्रतिवेदन मंगाया गया है।
>
> **–प्रेमकुमार पटेल, सीईओ**
> **जिला पंचायत खैरागढ़, छुईखदान, गंडई**

# भावना कोरेटी इंजीनियरिंग महाविद्यालय के लिए चयनित

कल्लूबंजारी (दावा)। छुरिया विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य एवं प्रतिभाओं की बस्ती के नाम से चर्चित ग्राम बूचाटोला के कृषक दिलीप कोरेटी के पुत्री कु. भावना कोरेटी का कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग पढ़ाई के लिए शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर के लिए चयन हुआ है।

उल्लेखनीय है कि छात्रा कु. भावना कोरेटी पूर्व में पीईटी की तैयारी के लिए प्रयास विद्यालय दुर्ग से पढ़ाई की है। जहां से पढ़ाई पूरी करने के बाद जेईई एडवांस के लिए चयनित हुई थी। प्रथम प्रयास में अपेक्षित रैंक कम होने के कारण इच्छित संस्थान में प्रवेश नहीं मिल पाया था। फिर पुनः कॉलेज ड्राप करके पीईटी के लिए पूरी तन्मयता से तैयारी की। फिर दूसरे प्रयास में छत्तीसगढ़ व्यावसायिक मंडल द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय पीईटी चयन परीक्षा में उत्कृष्ट 862 रैंक प्राप्त कर इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश हेतु पात्रता हासिल करने में कामयाब हुई। प्रथम चरण के कौंसलिंग में शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज जगदलपुर के लिए चयन हुआ था। जहां इच्छित ब्रांच नहीं मिलने के कारण प्रवेश नहीं ली। पश्चात अशासकीय शंकराचार्य इंजीनियरिंग महाविद्यालय रायपुर के लिए चयनित हुई थी। वहां प्रवेश न लेकर दूसरे चरण के कौंसलिंग के लिए इंतजार की। दूसरे चरण के कौंसलिंग में कु. भावना कोरेटी के इच्छित कम्प्यूटर साइंस एवं इंजीनियरिंग ब्रांच के साथ शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में जगह



मिली। इच्छित ब्रांच मिलने पर कु. भावना कोरेटी ने अपने पिताजी दिलीप कोरेटी एवं चाचा दिनेश कोरेटी 'दिलेर' के साथ शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर जाकर प्रवेश ली। जहां पांच वर्ष तक रहकर पढ़ाई पूरी करेगी। इंजीनियरिंग की पढ़ाई सफलतापूर्वक पूरा करने पर कम्प्यूटर साइंस की डिग्री हासिल कर एक सफल कम्प्यूटर इंजीनियर बन सकेगी। होनहार छात्रा कु. भावना कोरेटी के पिताजी दिलीप कोरेटी पेशे से एक कृषक एवं दर्जी होने साथ-साथ ग्राम बूचाटोला एवं गोंड व आदिवासी समाज के प्रतिष्ठित एवं गणमान्य नागरिक एवं माताजी सुमन कोरेटी गृहणी है।

कु. भावना कोरेटी प्रारंभ से ही प्रतिभावान छात्रा रही है, जोकि पांचवी, आठवीं, दसवीं एवं बारहवीं की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण की है। कु. भावना को इंजीनियरिंग महाविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश दिलाने के लिए उनके चाचा दिनेश कोरेटी दिलेर, कॉलेज प्रोफेसर मनेश कुमार मंडावी एवं प्रधानपाठक संजीव ध्रुर्वे ने आवश्यक मार्गदर्शन किया। छात्रा भावना कोरेटी ने अपने सफलता का श्रेय अपनी कड़ी मेहनत के साथ-साथ माता-पिता, चाचा-चाची एवं शिक्षकों को दी है।

इंजीनियरिंग महाविद्यालय के लिए चयनित होने पर कु. भावना कोरेटी को सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष जसवंत घावड़े, ब्लाक अध्यक्ष पवन पंचारी, अजजा शासकीय सेवक संघ के जिलाध्यक्ष लेखराम मात्रा, ब्लाक अध्यक्ष खेलनसिंह ठाकुर, छुईखदान के ब्लाक अध्यक्ष संजीव ध्रुर्वे, शिक्षक कला प्रतिभा अकादमी के अध्यक्ष मीना भारतद्वाज, संस्थापक संजय कुमार मैथिल, सीजीटीए के जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, पुरवाही साहित्य समिति के संयोजक ओमप्रकाश साहू, अध्यक्ष ग्वाला प्रसाद यादव, गोंड़ महासभा मोहला के अध्यक्ष नरेन्द्र नेताम, संरक्षक जगत सलामें, सुरेश दुग्गा, मोहन सिंह हिड़को, सलाहकार हिरेसिंह घावड़े, उपाध्यक्ष भागवत पुरामें, महासचिव तुकाराम कोर्राम, सचिव कुमार कोरेटी, अधिकारी-कर्मचारी प्रभाग के अध्यक्ष चंद्रेश ठाकुर, युवा प्रभाग के अध्यक्ष अंगद सलामें, महिला प्रभाग के अध्यक्ष सरिता मंडावी, कोयतुर गोंड़ समाज छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर, युवा प्रभाग के अध्यक्ष तोमन आचले, महिला प्रभाग के अध्यक्ष अंबिका सलामें, प्रोफेसर मनेश कुमार मंडावी, प्रोफेसर धनुष मरकाम, जनवि के प्राचार्य संजय कुमार मंडल, शिक्षक अनिल पाल, उमादेवी ध्रुर्वे प्रधानपाठक अधीन राम साहू, सुंदर साहू, शंभू साहू, किशोर वैष्णव, दुर्वासा साहू, बी.के. साहू, उद्धव ठाकुर आदि सहित उनके शिक्षकों, सहपाठियों एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है।

# वृक्षारोपण 2025 अभियान : डोंगरगढ़ में 40वीं वाहिनी आईटीबीपी का 8400 पौधे लगाने का लक्ष्य



डोंगरगढ़ (दावा)। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की 40वीं वाहिनी डोंगरगढ़ ने पर्यावरणीय संरक्षण और सतत योगदान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए वर्ष 2025 के दौरान कुल 8400 पौधे लगाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है।

यह पहल संगठन की पर्यावरणीय चिंताओं को दर्शाती है और भावी पीढ़ियों के लिए एक हरित, स्वस्थ और संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। आज 19 जुलाई को 40वीं वाहिनी आईटीबीपी डोंगरगढ़ द्वारा श्रीकृष्ण गोशाला, डोंगरगढ़ में एक पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व तेजभान सिंह, कमांडेंट ने किया, जिसमें दीदार शेख, सहायक सेनानी, अजय सिंह, सहायक सेनानी, सहित अन्य अधिकारी और जवान उपस्थित रहे। यह वृक्षारोपण अभियान न केवल पर्यावरण को लाभ पहुंचाएगा। बल्कि स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने में भी मदद करेगा।

# शा. उच्चतर माध्यमिक शाला टटेंगा में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान का आयोजन



हरदी (दावा)। बालोद जिले को हराभरा बनाने के उद्देश्य से वृहद पौधारोपण के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में 'एक पेड़ माँ के नाम 2.0' अभियान का आयोजन शाला विकास समिति के अध्यक्ष व जनपद सदस्य टूमन साहू और प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में किया गया। शिक्षकों, बाल कैबिनेट, यूथ एंड इको क्लब व विद्यार्थियों के द्वारा अशोक, नीम, करंज, अमरूद, कटहल, आंवला, जामुन आदि के सैकड़ों पौधे शाला परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर टूमन साहू और प्राचार्य आरके देवांगन ने सभी को हरेली पर्व की शुभकामनाएं दी और कहा कि हरेली का अर्थ हरियाली होता है। जो कि सावन अमावस्या को मनाया जाता है। वैसे भी सावन में वातावरण चारों ओर हरा ही हरा नजर आता है। आगे भी वातावरण ऐसा ही बना रहे इसके लिए प्रयास करना होगा। अंत में सभी को पौधों के संरक्षण की शपथ दिलाई। पूरे कार्यक्रम का नेतृत्व यूथ एंड इको क्लब प्रभारी व्याख्याता अजय पाठक ने की। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, चंद्रप्रकाश सोनबोइर ने सभी विद्यार्थियों के साथ मिलकर पौधारोपण के साथ स्वच्छता अभियान भी चलाया और टोली बनाकर सभी को संरक्षण की जवाबदारी दी।

# ग्राम पंचायत पिनकापार में पौधारोपण




हरदी (दावा)। बालोद कलेक्टर दिव्या मिश्रा के अपील पर संपूर्ण बालोद जिले में एक 'पेड़ अपने माँ के नाम' पर पौधारोपण किया गया। जो ग्राम पंचायत पिनकापार के समस्त शासकीय कार्यालयों में संस्था प्रमुख द्वारा पौधारोपण किया गया। आंगनबाड़ी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, जिला सहकारी केंद्रिय बैंक, आदिम जाति सेवा सहकारी, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं सभी शासकीय विद्यालय में संस्था प्रमुख एवं सदस्य, आम नागरिक द्वारा पौधारोपण किया गया। ग्राम पंचायत में सचिव बलदाऊ देवांगन के मार्गदर्शन में नर्सरी एवं मुक्ति धाम में पौधारोपण किया गया। सरपंच तारण रजक ने पौधा के सुरक्षा करने के लिए शपथ दिलवाया।

इस दौरान एक पेड़ अपने माँ के नाम पर लगाने वालों में जाग्रत सिंह देवांगन, इंदु भुआर्य, दिलेशवर भुआर्य, शुभम देशमुख, रोजगार सहायिका सीमा राजपूत, स्वास्थ्य संयोजक डीबी नेताम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा सोनी, राधा लहरे, ज्योति निषाद, रेवती चौथे, उपसरपंच भागवत भुआर्य, पंच करण भुआर्य, अंजली रजक, कुसुम निषाद, बिंदा देवांगन, कमला शेंडे, लोमीन गांवरे, सुधा बाई, गोमती मारकंडे, जानकी गांवरे, सागर निषाद, कमलेश सोनी, राजेश्वरी मारकंडे, रीना देवांगन समूह अध्यक्ष, पुष्पा देवांगन सचिव, अहिल्या कौशिक समुह अध्यक्ष, भोज साहू अध्यक्ष कन्या शाला पिनकापार, पुनम साहू, ग्रामवासी जगदीश देवांगन, सुकाल गांवरे, टोमन रावटे, हेमलाल गांवरे, नरसिंह निषाद, उदराज देवांगन, देवेंद्र रजक, यशवंत राजपूत, अमीत गांवरे ने सहभागिता प्रदान किया।

# पहला कॉलम...

## शशि थरूर को अब पार्टी कार्यक्रमों में नहीं बुलाया जाएगा... वरिष्ठ कांग्रेसी नेता के बयान से मची हलचल

नई दिल्ली। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने राष्ट्रीय सुरक्षा मुद्दे पर पार्टी लाइन से अलग रुख अपनाया है, जिससे पार्टी में असहजता बढ़ी है.कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के मुरलीधरन ने थरूर को तिरुवनंतपुरम के पार्टी कार्यक्रमों से अस्थायी रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है.पार्टी नेतृत्व और थरूर के बीच पहलगाम हमले के बाद राष्ट्रीय सुरक्षा पर मतभेद गहराए हैं, जिससे पार्टी में विवाद बढ़ा है.

कांग्रेस सांसद शशि थरूर को लेकर पार्टी में दरार बढ़ती ही जा रही है. बीते कुछ समय से थरूर पार्टी लाइन से अलग नजर आए हैं. जिस कारण कांग्रेस को असहज स्थिति का सामना करना पड़ा है. इस बीच रविवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के. मुरलीधरन ने शशि थरूर पर फिर से निशाना साधते हुए कहा कि जब तक वह राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर अपना रुख नहीं बदलते, तब तक उन्हें राज्य की राजधानी में किसी भी पार्टी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं किया जाएगा. मुरलीधरन ने कहा कि कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के सदस्य थरूर को अब 'हम में से एक' नहीं माना जाता.

राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा कि कैसी हो कार्रवाई: के मुरलीधरन

उन्होंने कहा कि पार्टी का राष्ट्रीय नेतृत्व तय करेगा कि कांग्रेस सांसद के खिलाफ किस कार्रवाई की जरूरत है. मुरलीधरन ने कहा, ''जब तक वह (थरूर) अपना रुख नहीं बदलते, हम उन्हें तिरुवनंतपुरम में आयोजित होने वाले किसी भी पार्टी कार्यक्रम में आमंत्रित नहीं करेंगे. वह हमारे साथ नहीं हैं, इसलिए उनके किसी कार्यक्रम का बहिष्कार करने का सवाल ही नहीं उठता.

## सऊदी के प्रिंस अलवलीद बिन खालिद बिन तलाल का निधन

रियाद। सऊदी अरब के प्रिंस अलवलीद बिन खालिद बिन तलाल का 20 वर्ष तक कोमा में रहने के बाद निधन हो गया है। 36 वर्ष की उम्र में उनकी जीवन रेखा थम गई। लगभग 20 वर्षों तक कोमा में रहने के बाद सऊदी शाही परिवार के सदस्य प्रिंस अलवलीद बिन खालिद बिन तलाल का शनिवार को 36 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनकी जनाज़े की नमाज़ रविवार को अदा की जाएगी। पुरुषों की नमाज़-ए-जनाज़ा असर की नमाज़ के बाद इमाम तुर्की बिन अब्दुल्ला मस्जिद, रियाद में होगी, जबकि महिलाओं की अंतिम विदाई ज़ुहर के बाद किंग फ़ैसल स्पेशलिस्ट हॉस्पिटल में की जाएगी।

प्रिंस अलवलीद का जन्म 18 अप्रैल 1990 को हुआ था। वे प्रिंस खालिद बिन तलाल अल सऊद के सबसे बड़े पुत्र थे। अरब के जाने-माने अरबपति प्रिंस अलवलीद बिन तलाल उनके चाचा थे और वे सऊदी अरब के संस्थापक राजा अब्दुलअज़ीज़ के परपोते थे। 2005 में हुई एक दुर्घटना में वह कोमा में चले गए थे। इसके बाद 20 साल तक जिंदगी और मौत के बीच का संघर्ष जारी रहा। वर्ष 2005 में लंदन में एक सैन्य कॉलेज में अध्ययन करने के दौरान उनका भीषण कार एक्सीडेंट हुआ था, तब वे 15 साल के थे।

## डेल्टा एयरलाइंस की उड़ती फ्लाइट डीएल-446 के इंजन में लगी आग

लॉस एंजिल्स। डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट डीएल-446 के इंजन में उड़ान भरते समय अचानक आग लग गई। इससे यात्रियों में अफरातफरी मच गई। आरटी की खबर के अनुसार यह उड़ान लॉस एंजिलिस इंटरनेशनल एयरपोर्ट से अटलांटा के लिए रवाना हुई थी। मगर सभी यात्रियों की जान उस समय खतरे में आ गई जब उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद इसके बाएं इंजन में आग लग गई। जैसे ही विमान ने ऊंचाई पकड़ी...उसी दौरान ग्राउंड पर मौजूद लोगों ने इंजन से निकलती लपटों को देखा और उसे कैमरे में रिकॉर्ड कर लिया। सोशल मीडिया पर वायरल हुए इस वीडियो में इंजन से जोरदार चिंगारियां और आग की लपटें साफ़ देखी जा सकती हैं। आग लगते ही विमान की लॉस एंजिलिस एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। आग की सूचना मिलते ही पायलट ने तुरंत' घोषित किया और एयर ट्रैफिक कंट्रोल को सूचित कर दिया। विमान को सुरक्षित रूप से मोड़कर वापसी की प्रक्रिया शुरू की गई। नियंत्रित तरीके से उड़ान का रुख बदला गया। ताकि आपात लैंडिंग के लिए आवश्यक तैयारी की जा सके।

## हालोंग खाड़ी में पर्यटकों से भरी नाव डूबी, अब तक 34 लोगों के शव मिले

नई दिल्ली। वियतनाम से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। हालोंग खाड़ी में शनिवार को टूरिस्ट से भरी नाव के पलटने से कम से कम 34 लोगों की मौत हो गई और एक दर्जन से ज्यादा लोग लापता हैं। यह हादसा खराब मौसम के कारण हुआ। सरकारी मीडिया के मुताबिक, नाव पर कुल 53 लोग सवार थे। यह नाव दोपहर करीब 2 बजे (स्थानीय समय) उस समय पलटी, जब तूफान %विफा% दक्षिण चीन सागर से वियतनाम की ओर बढ़ रहा था। इस दौरान इलाके में तेज हवाएं, भारी बारिश और बिजली गिरने की खबरें थीं।

स्थानीय समाचार वेबसाइट वीएनएक्सप्रेस ने बताया कि अधिकतर यात्री राजधानी हनोई से थे। राहत और बचाव दल अब भी जीवित बचे लोगों की तलाश कर रहे हैं।

# भारतीय महिला टीम को इंग्लैंड की टीम ने एकतरफा 8 विकेट से हाराया, सीरीज 1-1 से हुई बराबर



नई दिल्ली। भारतीय महिला टीम को इंग्लैंड के खिलाफ जारी तीन मैचों की वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले में एकतरफा 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इस मैच में टीम इंडिया पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 143 रन ही बनाने में कामयाब हो सकी।

भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड के दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज का आगाज काफी शानदार तरीके से करते हुए पहले मुकाबले को अपने नाम करने में कामयाब रही थी, लेकिन दूसरे मैच में उन्हें डकवर्थ लुईस नियम के अनुसार 8 विकेट से एकतरफा हार का सामना करना पड़ा। लॉर्ड्स के मैदान पर खेले गए इस वनडे सीरीज के दूसरे मैच में बारिश का खलल देखने को मिला जिसमें 29-29 ओवर्स के मैच में टीम इंडिया को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला और 8 विकेट के नुकसान पर 143 के स्कोर तक ही पहुंचने में कामयाब हो सकी। वहीं इस मैच के बाद टीम इंडिया की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने खराब बल्लेबाजी को हार का सबसे बड़ा कारण बताया।

लॉर्ड्स वनडे मैच में हार के बाद भारतीय महिला टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि हमने इस मैच में अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, इस पिच पर हम और बेहतर बल्लेबाजी कर सकते थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों ने इस पिच पर काफी अच्छी गेंदबाजी की और इसका श्रेय उन्हें दिया जाना चाहिए। हम अच्छी बल्लेबाजी नहीं कर पाए। मौसम भी ऐसा था जो गेंदबाजी के लिए काफी मददगार साबित हुआ और ऐसे हालात में बल्लेबाजी करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। दुर्भाग्य से हम शुरुआती विकेट नहीं ले पाए। आज हमारा दिन नहीं था, लेकिन इस मैच से हमें बहुत कुछ सीखने को मिला। हमने अच्छा क्रिकेट खेला है, अगले मैच में हम अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करेंगे, ताकि इस सीरीज को अपने नाम कर सके।

इंग्लैंड के दौरे पर भारतीय महिला टीम ने इस बार काफी शानदार खेल अब तक दिखाया है, जिसमें उन्होंने टी20 सीरीज को 3-2 से अपने नाम किया था। वहीं अब तीन मैचों की वनडे सीरीज जो अभी 1-1 से बराबर है उसे अपने नाम करने के लिए उनके पास 22 जुलाई को आखिरी मुकाबले में मौका होगा। आगामी वनडे वर्ल्ड कप की तैयारियों को देखते हुए टीम इंडिया यदि इस सीरीज को जीतने में कामयाब होती है तो सभी प्लेयर्स का आत्मविश्वास जरूर काफी बढ़ जाएगा।

# भारत और पाकिस्तान के बीच होने वाला मैच हुआ रद्द



नईदिल्ली। भारत और पाकिस्तान के बीच वर्ल्ड चैम्पियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) का बहुप्रतीक्षित मुकाबला रद्द कर दिया गया है। यह फैसला तब लिया गया जब शिखर धवन, हरभजन सिंह, इरफान पठान और सुरेश रैना सहित कई भारतीय खिलाड़ियों ने इस मैच से अपना नाम वापस ले लिया। बताया जा रहा है कि अप्रैल में हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद खिलाड़ियों के इस कदम का असर पड़ा। यह मैच 20 जुलाई को बर्मिंघम के एजबेस्टन में खेला जाना था।

डब्ल्यूसीएल ने भारत-पाकिस्तान मुकाबला शेड्यूल करने से हुई भावनात्मक पीड़ा पर माफी मांगी है। आयोजकों ने कहा कि हाल में दोनों देशों के बीच हुई मित्रतापूर्ण वालीबॉल सीरीज के बाद प्रशंसकों के लिए खुशहाल यादें बनाने की सोच से यह मैच तय किया गया था। हालांकि, उन्होंने स्वीकार किया कि यह निर्णय अनजाने में भावनाओं को ठेस पहुंचा गया और कई भारतीय दिग्गजों के लिए असहज स्थिति पैदा कर दी।

भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने 11 मई को ही मैच से हटने का फैसला कर लिया था। उन्होंने टूर्नामेंट आयोजकों को भेजा अपना ईमेल साझा करते हुए कहा कि उनका निर्णय मौजूदा भू-राजनीतिक स्थिति पर आधारित था।

# दक्षिण कोरिया में मूसलाधार बारिश से 14 लोगों की मौत, 12 लोग लापता



सियोल। दक्षिण कोरिया में भारी बारिश और बाढ़ के चलते 14 लोगों की मौत हो गई है और 12 लोग लापता हैं। बता दें कि यहां लगातार पांच दिनों से भारी बारिश के कारण भयंकर तबाही मची है। सैकड़ों घर और दुकानें पानी में डूब गए हैं। सरकार ने रविवार को यह जानकारी दी।

दक्षिण कोरिया के आंतरिक एवं सुरक्षा मंत्रालय ने बताया कि बारिश के कारण रविवार को एक मकान के ढह जाने से वहां रहने वाले एक व्यक्ति की मौत हो गई और सियोल के उत्तर-पूर्व में स्थित गैप्योंग शहर में एक अन्य व्यक्ति उफनती नदी में बह जाने के बाद मृत पाया गया। मंत्रालय ने कहा कि दक्षिणी शहर सानचियोंग में रविवार को भारी बारिश के बीच भूस्खलन की घटना, मकान ढहने और अचानक बाढ़ आ जाने के कारण आठ लोग मृत पाए गए जबकि छह अन्य लोग लापता हो गए। मंत्रालय की एक रिपोर्ट में कहा गया कि गैप्योंग और दक्षिणी शहर ग्वांगजू में छह लोग लापता हैं। पिछले सप्ताह की शुरुआत में एक डूबी हुई कार में तीन लोग मृत पाए गए थे और भारी बारिश के दौरान सियोल के दक्षिण स्थित ओसान में एक ओवरपास की दीवार ढह जाने के बाद मिट्टी तथा कंक्रीट में कार दब गई, जिस पर सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई थी।

# ईरान में हुई भीषण बस दुर्घटना, कम से कम 21 लोगों की मौत



तेहरान। ईरान के दक्षिणी हिस्से में भीषण बस दुर्घटना हुई है। यहां एक बस के पलट जाने से कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई। सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह खबर जारी दी। फार्स प्रांत के आपात संगठन के प्रमुख मसूद आबेद ने बताया कि प्रांत की राजधानी शिराज के दक्षिण में हुई इस दुर्घटना में 34 अन्य लोग घायल हुए हैं।

आबेद ने बताया कि बचाव अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि अभियान पूरा होने और विस्तृत जांच के बाद अतिरिक्त जानकारी एवं अंतिम आंकड़े घोषित किए जाएंगे। अधिकारी ने बताया कि यह घटना पूर्वाह्न 11 बजकर पांच मिनट पर हुई और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गया। उन्होंने बताया कि घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

फार्स प्रांत के आपातकालीन संगठन के प्रमुख मसूद आबेद ने बताया कि दुर्घटना सुबह 11 बजकर 5 मिनट पर हुई। जैसे ही सूचना मिली राहत और बचाव दल तुरंत घटनास्थल पर पहुंच गया और राहत कार्य शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि बचाव अभियान अभी भी जारी है और सभी घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

# आकाशदीप और अर्शदीप सिंह के बैकअप के रूप में टीम इंडिया में जुड़े अंशुल कंबोज



नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी का चौथा टेस्ट मैच खेलने वाली है. इस टेस्ट मैच से पहले भारतीय क्रिकेट टीम को 2 बड़े झटके लगे हैं. टीम इंडिया के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह और आकाशदीप दोनों चौथे टेस्ट मैच से पहले चोटिल हो गए हैं. उनकी जगह पर टीम में नए गेंदबाज को शामिल किया गया है.

रिपोर्ट के अनुसार, टीम इंडिया में तेज गेंदबाज अंशुल कंबोज को आकाशदीप और अर्शदीप सिंह के कवर के तौर पर इंग्लैंड में शामिल किया गया है. आकाश और अर्शदीप दोनों ही 23 जुलाई से होने वाले चौथे टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से तैयार नहीं हैं. अब ऐसे में उनकी जगह पर अंशुल कंबोज को टीम में जगह मिल गई है. आपको बता दें कि आकाशदीप कमर में दर्द से जूझ रहे हैं. उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम और लॉर्ड्स यानी दूसरा और तीसरा टेस्ट मैच खेला था. उनके अलावा बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप ने अभी सीरीज में एक भी मैच नहीं खेला है. वो अपने टेस्ट डेब्यू का इंतजार कर रहे थे लेकिन उनके हाथ में चोट लग गई है.

रिपोर्ट्स के मुताबिक आकाशदीप की चौथे टेस्ट मैच में उपलब्धता पर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, जबकि अर्शदीप के मैनचेस्टर टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध होने की संभावना नहीं है. ऐसे में भारतीय चयनकर्ताओं ने अंशुल कंबोज को टीम में इन दोनों के बैकअप के तौर पर जोड़ा है. गुरुवार को बेकेनहैम में नेट सेशन के दौरान अर्शदीप के बाएं हाथ में चोट लग गई. इसके बाद उनके हाथ में पट्टी बंधी हुई देखी गई.

भारतीय क्रिकेट टीम के सहायक कोच रयान टेन डोएशेट ने कहा था कि, हम अपने कॉम्बिनेशन पर फैसला अर्शदीप की स्थिति को देखते हुए लेंगे. हम मैनचेस्टर के नजदीक जाकर यह फैसला लेंगे. गेंदबाजी करते समय उन्हें गेंद लगी. यह सिर्फ एक कट है, इसलिए हमें देखना होगा कि कट कितना गहरा है.

24 वर्षीय अंशुल कंबोज हरियाणा के रहने वाले हैं. उन्होंने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ भारत ए की ओर से शानदार प्रदर्शन किया था. उन्होंने नॉर्थम्प्टन और कैंटरबरी में 4 पारियों में 5 विकेट लिए थे. कम्बोज पिछले साल लाहली में केरल के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच में एक पारी में सभी 10 विकेट चटकाए थे.

# 7.4 तीव्रता के भयानक भूकंप से थर्रा गया रूस

मॉस्को: रूस की धरती भूकंप के तेज झटके से थर्रा उठी है। यह भूकंप रूस के प्रशांत अपतटीय क्षेत्र में आया। एक नहीं, बल्कि दो- दो बार आए इस भूकंप से लोग दहशत में आ गये हैं। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 7.4 मापी गई है। भूकंप आने के बाद सुनामी की चेतावनी भी जारी की गई है। इस भूकंप के बाद प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने रूस के कामचाटका प्रायद्वीप के लिए चेतावनी जारी की है। बता दें कि रविवार को समुद्र में दो बार भूकंप आया। इनमें से बड़ा भूकंप 7.4 तीव्रता का था। यह बड़ा भूकंप 20 किलोमीटर की गहराई पर आया और यह पेत्रोपावलोव्स्क-कामचात्स्की शहर से 144 किलोमीटर पूर्व में स्थित था। इस शहर की जनसंख्या लगभग 1.8 लाख है। इससे कुछ मिनट पहले उसी क्षेत्र में 6.7 तीव्रता का एक अन्य भूकंप भी दर्ज किया गया था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने संकेत दिया है कि रविवार तड़के रूस के सुदूर पूर्वी भाग में कामचातका तट के पास 6.5 से ज्यादा तीव्रता के दो भूकंप आए।

## ज्योतिष चमत्कार ( 21 जुलाई 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 93 | 07 | 13 | 21 |
| मंगल | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 09 | 17 | 23 | 31 |
| बुध | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 19 | 25 | 35 | 41 |
| गुरू | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 29 | 37 | 43 | 53 |
| शुक्र | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 39 | 45 | 57 | 63 |
| शनि | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 47 | 59 | 67 | 79 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 54 | 62 | 74 |
| मंगल | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 56 | 64 | 76 | 82 |
| बुध | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 68 | 78 | 84 | 92 |
| गुरू | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 70 | 86 | 96 | 04 |
| शुक्र | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 80 | 98 | 06 | 18 |

| कल्याण | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 1 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 2 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 5 | 6 | 7 | 0 |
| स्पेशल | 53 | 64 | 78 | 09 |

| राजधानी नाईट | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 1 | 2 | 3 | 6 |
| स्पेशल | 14 | 25 | 39 | 60 |

**सप्ताह में देखें** (कल्याण)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 13 | 15 | 17 | 19 |
| 2 | 21 | 23 | 25 | 29 |
| 3 | 31 | 35 | 37 | 39 |
| 4 | 41 | 43 | 45 | 47 |
| 5 | 51 | 53 | 57 | 59 |
| 6 | 63 | 65 | 67 | 69 |
| 7 | 71 | 73 | 75 | 79 |
| 8 | 81 | 85 | 87 | 89 |
| 9 | 91 | 93 | 95 | 97 |
| 0 | 01 | 03 | 07 | 09 |

**सप्ताह में देखें** (राजधानी नाईट)

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 14 | 18 | 10 |
| 2 | 24 | 26 | 28 | 20 |
| 3 | 32 | 34 | 36 | 30 |
| 4 | 42 | 46 | 48 | 40 |
| 5 | 52 | 54 | 56 | 58 |
| 6 | 62 | 64 | 68 | 60 |
| 7 | 74 | 76 | 78 | 70 |
| 8 | 82 | 84 | 86 | 80 |
| 9 | 92 | 96 | 98 | 90 |
| 0 | 02 | 04 | 06 | 08 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

कल्याण

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 53 | 81 | 81 | 48 | 31 | 64 |
| 06 | 14 | 02 | 15 | 89 | 75 |
| 81 | 88 | 88 | 41 | 48 | 77 |
| 44 | 85 | 28 | 72 | 36 | 13 |

राजधानी

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 41 | 45 | 18 | 29 | 04 |
| 98 | 43 | 25 | 10 | 87 |
| 73 | 59 | 19 | 46 | 86 |
| 28 | 83 | 76 | 23 | 71 |

**2023-24 के रुके जोड़ भाव**

कल्याण 2024- 22-43-68-86

राजधानी नाईट 2023 -35-62

2024- 26-69-88

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

***संसद में ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा को तैयार सरकार,....***

किरेन रिजिजू ने आगे कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद विभिन्न दलों के साथ सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडलों की बैठकें बहुत अच्छी और प्रभावी रहीं और उन सभी अच्छे अनुभवों को राष्ट्र के सामने शेयर किया जाना चाहिए. हमें इसका स्वागत करना चाहिए.

***वनमंत्री केदार कश्यप का बड़ा आरोप, कहा- भूपेश...***

भवन की बिजली काटने का साहस दिखाएंगे?

**भूपेश बघेल पर तीखा हमला :** मंत्री केदार कश्यप ने भूपेश बघेल पर तीखा हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस केवल राजनीति चमकाने और खुद को बड़ा नेता साबित करने के लिए भाजपा पर बेबुनियाद आरोप लगा रही है, लेकिन जनता सब देख रही है। इसी कारण, पांच वर्षों में ही कांग्रेस को सत्ता से बेदखल कर दिया गया। अब छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की नई लहर चल रही है।

***भूपेश बघेल के बेटे के पास हैं 1000 करोड़,....***

का उल्लेख किया है। ईडी के अनुसार चैतन्य की ओर से यदि किसी प्रतिष्ठान को ऋण देना बताया गया, तो यह स्थापित नहीं है कि, जो रकम बतौर ऋण किसी को दी गई, वह रकम चैतन्य के पास कैसे और किस स्त्रोत से आई थी। ईडी ने बताया है जिस व्यक्ति, प्रतिष्ठान को ऋण देना बताया गया, उसने ऋण के बदले चैतन्य बघेल की कालोनी में कुछ मकान ले लिए। ईडी का आरोप है कि ऋण के रूप में दी गई बड़ी राशि दरअसल अपराध से अर्जित आय थी, जिसे पहले ऋण में देना बताया गया और फिर उसी राशि से मकान खरीदना बताया गया, जिससे आपराधिक आय बेदाग आय के रूप में खातों में आ गई।

**पप्पू बंसल को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही ईडी-भूपेश बघेल :** प्रेसवार्ता में भूपेश बघेल ने कहा कि चैतन्य की गिरफ्तारी पूरी तरह असंवैधानिक है। जिस पप्पू बंसल के बयान पर मेरे बेटे की गिरफ्तारी की गई, उसके खिलाफ ही गैर जमानतीय गिरफ्तारी वारंट जारी है और वह बेखौफ ईडी के दफ्तर में घूम रहा है। आखिर ईडी के अधिकारी बंसल को क्यों गिरफ्तार नहीं कर रहे हैं।

# प्रथम पृष्ठ का शेष....

***बीच समंदर के धू-धू कर जलने लगा यात्री जहाज,....***

नौकाओं की एक संयुक्त टीम ने बचाया.' नौका के ऊपरी डेक से घना काला धुआं उठता देखा गया. कुछ रिपोर्टों के अनुसार आग स्थानीय समयानुसार दोपहर करीब 1.30 बजे लगी. अब्दुल रहमद अगु नामक एक यात्री ने घटना के समय फेसबुक लाइव किया और जो वीडियो सामने आया है, उसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह हादसा कितना खतरनाक रहा होगा. अब्दुल उन कई यात्रियों में शामिल थे जो पानी में कूद गए और जिनके पास लाइफ जैकेट थी. अगू वीडियो में एक बच्चे को गोद में लिए तैरते हुए दिखाई दे रहे हैं. वीडियो में अब्दुल को कहते हुए सुना जा सकता है, 'बचाओ, केएम बार्सिलोना वी में आग लग गई है. उसमें अभी भी कई लोग सवार हैं. हम समुद्र में जल रहे हैं... हमें मदद चाहिए... जल्दी.'

***अब ट्रैफिक नियम तोड़ने पर लगेगा दोगुना जुर्माना,...***

**मेरिट-डीमेरिट अंकों को जोड़ने का विचार :** इस व्यवस्था के तहत नियम तोड़ने वाले वाहन चालकों के लाइसेंस पर नेगेटिव अंक दर्ज किए जाएंगे। निर्धारित सीमा से अधिक डीमेरिट अंक दर्ज होने के बाद उस लाइसेंस को स्थायी या अस्थायी रूप से निरस्त किया जा सकता है। इसके साथ ही इंश्योरेंस प्रीमियम से भी इन मेरिट-डीमेरिट अंकों को जोड़ने का विचार है। इन प्रक्रिया के साथ सरकार यह नियम भी लागू करना चाहती है कि लाइसेंस नवीनीकरण के दौरान मेरिट-डीमेरिट अंक देखे जाएंगे। अधिक डीमेरिट अंक होने पर वाहन चालक को दोबारा ड्राइविंग टेस्ट देना होगा। सरकार ने यह प्रस्ताव तैयार कर फीडबैक के लिए विभिन्न मंत्रालयों को भेजे हैं। निश्चित ही सरकार के प्रस्ताव महत्वपूर्ण हैं, लेकिन विशेषज्ञों की चिंता इसी बात को लेकर है कि ऐसे नियम धरातल पर कितने अमल में आ पाएंगे। वैसे ही अब तक सड़क परिवहन मंत्रालय ने सड़क सुरक्षा में सुधार के लिए जो भी प्रयास या प्रविधान करने चाहे हैं, उनमें राज्यों की ओर से अपेक्षित सहयोग नहीं मिला है।

***ई-रिक्शा पर बड़ी कार्रवाई, बच्चों की आवाजाही....***

उपयोग किया जा रहा है, अब उस पर रोक लगाने का निर्णय लिया गया है। ई-रिक्शा स्कूल के छात्र-छात्राओं के परिवहन के लिए असुरक्षित वाहन है, वाहन में स्कूल के छोटे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में ई-रिक्शा द्वारा स्कूली छात्र-छात्राओं के परिवहन पर प्रतिबंध लगाया जाता है।

**12 हजार से अधिक ई-रिक्शा रजिस्टर्ड :** एसीपी ट्रैफिक अजय वाजपेयी ने बताया कि शहर में लगभग 12 हजार ई-रिक्शा रजिस्टर्ड हैं। हालांकि स्कूलों से यह अटैच नहीं है, लेकिन अभिभावक अपनी सहूलियत के हिसाब से बच्चों को ई-रिक्शा से स्कूल भेजते हैं। अब इन्हें रोकने का काम किया जाएगा, जिसके लिए सोमवार से टीमें स्कूलों में जाकर प्रबंधन से संपर्क करेंगी और ऐसे बच्चों को चिह्नित करेंगी, जो ई-रिक्शा से स्कूल आते-जाते हों। इसके बाद ई-रिक्शा बंद कराए जाएंगे।

***हैकर्स ने उड़ाए 367 करोड़ रुपए, कंपनी ने कहा-...***

की कमजोरियों को सुधारने पर काम कर रही है। CoinDCX ने बताया कि वह अपने एक्सचेंज पार्टनर के साथ मिलकर फंड्स को रिकवर करने की कोशिश कर रही है और जल्द ही बग बाउंटी प्रोग्राम भी शुरू किया जाएगा, जिससे एथिकल हैकर्स को सिस्टम की कमजोरियां पकड़ने पर इनाम दिया जाएगा।

**WazirX पर भी हुआ था साइबर अटैक :** CoinDCX का यह मामला भारत में क्रिप्टो प्लेटफॉर्म्स पर बढ़ते साइबर हमलों की तरफ इशारा करता है। इससे पहले WazirX पर भी बड़ा साइबर अटैक हो चुका है, जिसमें हैकर्स ने 230 मिलियन से ज्यादा की क्रिप्टो करेंसी चुराई थी। ऐसे में अब देश की अन्य क्रिप्टो कंपनियां भी अलर्ट मोड पर हैं।

***महाराष्ट्र के भिवंडी नकली बटर फैक्टरी पर छापा :...***

दुकानों में खपाया जा रहा था। इस नकली बटर में इस्तेमाल किए जा रहे रसायनों की जांच के लिए सैंपल लैब भेज दिए गए हैं। प्रारंभिक जांच में इसमें खाद्य के अयोग्य तत्व पाए जाने की आशंका जताई जा रही है। इस पूरे मामले में जिशान मुस्ताक मोहम्मद अंसारी (29) और मोहम्मद मुद्दरीस अकरम अंसारी शेख (23) के खिलाफ शांतिनगर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है और अन्य लोगों की तलाश जारी है जो इस नेटवर्क से जुड़े हो सकते हैं। जांच अधिकारियों का मानना है कि यह सिर्फ एक गोदाम नहीं, बल्कि नकली खाद्य उत्पादों की एक सुनियोजित सप्लाई चेन का हिस्सा हो सकता है। अन्न सुरक्षा अधिकारी श्रीमति शुभांगी जितेन्द्र केणे ने यह शिकायत शांतिनगर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है। भिवंडी पिछले कुछ वर्षों में नकली मसाले, पेयजल, चिप्स, साबुन, सौंदर्य प्रसाधन, दवाइयां और अब नकली डेयरी उत्पादों का केंद्र बनता जा रहा है। यह न केवल उपभोक्ताओं की सेहत से खिलवाड़ है, बल्कि ब्रांड की प्रतिष्ठा को भी सीधा नुकसान पहुंचाने वाला संगठित अपराध है।प्रशासन की कार्रवाई भले ही एक सफल कदम मानी जा रही हो, लेकिन असली चुनौती अब इस पूरे नेटवर्क की जड़ों तक पहुंचने और इसे पूरी तरह खत्म करने की है।

***अमरनाथ यात्रा पर खतरे की आशंका! जम्मू-कश्मीर....***

लेकिन हालिया घटनाएं इशारा करती हैं कि आतंकी समूह फिर से इस क्षेत्र में अपने पांव जमाने की कोशिश कर रहे हैं।

**पाकिस्तान कनेक्शन की जांच :** जांच एजेंसियां यह भी देख रही हैं कि क्या इस मुठभेड़ में शामिल आतंकी सीमा पार से आए हैं या स्थानीय स्तर पर भर्ती हुए थे। अगर यह साबित होता है कि स्थानीय युवक शामिल थे, तो यह सरकार के पुनर्वास प्रयासों के लिए चिंता का विषय हो सकता है। यह मुठभेड़ ऐसे समय में हुई है जब अमरनाथ यात्रा जारी है। ऐसे में सुरक्षा एजेंसियां यात्रा मार्गों की सुरक्षा को और कड़ा कर सकती हैं।

# शहर में खौफनाक कुत्तों का आतंक : शहरवासियों ने खोला मोर्चा

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी राजनांदगांव में खूंखार कुत्तों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि शहरवासी दहशत में हैं। लोगों में यह भय बना हुआ है कि कब कोई कुत्ता उन पर झपट पड़े या काट ले। कुत्तों के इस बढ़ते आतंक से समाज का हर वर्ग परेशान है। आलम यह है कि लोग अब मॉर्निंग वॉक पर जाना बंद कर चुके हैं, वहीं स्कूल जाने वाले बच्चे भी डरने लगे हैं कि कहीं कोई कुत्ता उन्हें दौड़ाकर काट न ले।

### लगातार हो रहे हमले और घटनाओं में वृद्धि

कुछ माह पहले गंज लाइन में एक स्कूली छात्रा पर कुत्तों ने हमला कर दिया था। पुष्प वाटिका के रास्ते में दोपहर के समय कुत्तों ने एक बालक को दौड़ाकर उसके पैर में काट लिया। ऐसी ही एक घटना में गंज चौक के पास स्कूल जा रही एक छात्रा को कुत्तों ने पहले तो दौड़ाया और फिर हमला कर दिया, जिससे वह दर्द से कराहती रही। कुत्तों का आतंक इतना बढ़ गया है कि अगर उन्हें काटने के लिए कोई नहीं मिलता, तो वे बाहर खड़ी गाड़ियों पर अपना गुस्सा निकालते हैं, अपने नुकीले पंजों से सीटों को तार-तार कर देते हैं। यही वजह है कि इन खूंखार कुत्तों से परेशान एक युवक ने तो एक कुत्ते के गले में रस्सी बांधकर साइकिल से उसे दूर तक घसीटा था।

### बछड़ों तक को बना रहे निशाना

शहर में जिधर भी जाओ कुत्तों के झुंड के झुंड विचरण करते मिल जाएंगे। स्थिति यह है कि ये कुत्ते किस समय किस पर झपट पड़ें और जख्मी कर दें, इसका कोई ठिकाना नहीं है। झुंड में घूमने वाले ये कुत्ते मवेशियों तक को काट खाते हैं। यदि कोई नन्हा बछड़ा उनके साथ है तो ये खौफनाक कुत्ते उसे नोच-नोच कर खा जाते हैं। बेचारी गाय माता अपनी आँखों के सामने अपने बछड़े को कुत्तों का निवाला बनते देख भी कुछ नहीं कर पातीं।



### रोजाना 20 से 25 लोग हो रहे शिकार, दुर्घटनाओं में भी इजाफा

जिला चिकित्सालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोजाना लगभग 20 से 25 लोग एंटी रेबीज का इंजेक्शन लगवाने आते हैं। यह आंकड़ा बताता है कि शहर सहित पूरे जिले में छोटे से लेकर बड़ों तक हर आयु वर्ग के लोग कुत्ते के काटने का शिकार हो रहे हैं। यहां तक देखा जा रहा है कि अपने मालिक के साथ बेल्ट पहने कुत्ते भी लोगों पर झपट पड़ रहे हैं।

कुत्तों के कारण दुर्घटनाओं में भी इजाफा हुआ है। शहर की हर गली-मोहल्ले और देहात क्षेत्रों में कुत्तों की धमक है। सड़क के किनारे बैठे ये कुत्ते आवाजाही करने वालों के पीछे बेवजह दौड़ पड़ते हैं। दोपहिया और चारपहिया वाहन चालकों का दूर तक पीछा करते हैं, जिससे वाहन चालक या पैदल चलने वाले व्यक्ति अपनी जान बचाने के लिए दौड़ पड़ते हैं और अक्सर दुर्घटनाओं का शिकार होकर हाथ-पैर तुड़वा बैठते हैं।

यह परेशानी केवल राजनांदगांव तक सीमित नहीं है। बड़े-बड़े शहरों में भी कुत्तों के आतंक से लोग परेशान हैं। दिल्ली में तो भाजपा के सदस्य भी इन कुत्तों के खिलाफ जंतर-मंतर पर धरना दे रहे हैं और मांग कर रहे हैं कि इन खौफनाक कुत्तों के उन्मूलन की कोई व्यवस्था की जाए। यह मांग दिल्ली की भाजपा सरकार से नहीं, बल्कि न्यायालय से की जा रही है।

### मांसाहारी खान-पान और समाधान पर बहस

लोगों का मानना है कि आजकल मांसाहारी खान-पान बढ़ने से कुत्तों का व्यवहार आक्रामक हो गया है। शहर में दर्जनों मांस-मुर्गियों की दुकानें हैं और हर सड़क के किनारे अंडा-मछली की दुकानें संचालित हैं। इन दुकानों से निकलने वाले अवशेषों को कुत्तों के सामने डाल दिया जाता है, जिसे खाकर ये कुत्ते अधिक आक्रामक हो रहे हैं। कुत्तों के आतंक और उनके काटने की समस्या को लेकर लोग सुप्रीम कोर्ट तक गए हैं, लेकिन वहाँ से भी कोई ठोस राहत नहीं मिल पा रही है।हालांकि, कुत्तों की संख्या में वृद्धि को रोकने के लिए नगर निगम द्वारा बंध्याकरण की कार्रवाई की जाती है और समय-समय पर धरपकड़ अभियान भी चलाया जाता है। इसके बावजूद कुत्तों की संख्या घट नहीं रही, बल्कि दिनों-दिन बढ़ती जा रही है। शहर के भूतपूर्व सैनिक गुरमीत सिंह भाटिया ने सुझाव दिया है कि इन खूंखार कुत्तों को पकड़कर जंगल में छोड़ देना चाहिए, ताकि ये खुद ही हिंसक जानवरों का शिकार बन सकें या फिर इन्हें उन देशों में भेजा जाना चाहिए। जहां कुत्तों का मांस खाया जाता है, ताकि शहर, गांव और समाज से इनका उन्मूलन हो सके। बहरहाल, जगह-जगह बेखौफ विचरण करने वाले कुत्ते एक गंभीर समस्या बने हुए हैं, जिसका समाधान अति आवश्यक है।

## माय भारत द्वारा बुंदेलीकला में पौधारोपण एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन



ठेलकाडीह (दावा)। मेरा युवा भारत केंद्र, राजनांदगांव (युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार) ने जिला युवा अधिकारी सुभजित डे के नेतृत्व में राजनांदगांव विकासखंड के बुंदेलीकला गांव में 'एक पेड़ माँ के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधारोपण और एक चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष अनीता डिगेंद सिन्हा मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थी। जबकि जनपद सदस्य ललिता मोहन साहू और ग्राम सरपंच दधीबल वर्मा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। गांव के वरिष्ठ नागरिक अजय वर्मा, शिक्षक लीलाधर साहू, गिरीश वर्मा और पेमीन वर्मा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य संचालन स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा ने किया। चित्रकला प्रतियोगिता के माध्यम से युवाओं को पर्यावरण को स्वच्छ और हरा-भरा रखने का संदेश दिया गया। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विजेताओं को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान गांव में पौधे लगाकर वृक्षारोपण के महत्व पर भी जोर दिया गया।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में रीना वर्मा, सीमा साहू, राजेश्वरी साहू, राजनंदनी साहू, भूमिका साहू, उमेश्वरी पुष्पा, यामिन, प्रेमा, तन्नू नेहा, टीमा और अन्य माय भारत स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## गैंदाटोला मंडल भाजपा पदाधिकारियों ने किया विधानसभा भ्रमण



छुरिया (दावा)। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के गैंदाटोला मंडल के पदाधिकारियों ने छत्तीसगढ़ विधानसभा के मानसून सत्र के अंतिम दिन की कार्यवाही का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। इस प्रेरणादायक भ्रमण के दौरान सभी सदस्यों ने न सिर्फ लोकतांत्रिक प्रक्रिया को करीब से जाना, बल्कि पक्ष-विपक्ष के बीच जनहित में होने वाली चर्चाओं को भी सजीव रूप में देखा और समझा। यह अनुभव सभी के लिए अत्यंत ज्ञानवर्धक और स्मरणीय रहा। जिससे लोकतंत्र के प्रति उनकी समझ और सम्मान और भी गहरा हुआ।

### मंत्रियों-विधायकों से मुलाकात और मांगों का ज्ञापन

विधानसभा भ्रमण के दौरान पदाधिकारियों ने विधानसभा परिसर में कैबिनेट मंत्रियों और विधायकगणों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने अपने गांव और क्षेत्र की प्रमुख मांगों को स्वीकृत कराने हेतु आवेदन भी सौंपे। सत्र समाप्ति के बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के निर्देश पर सभी सदस्यों को जंगल सफारी और पुरखौती मुक्तांगन का भी भ्रमण करवाया गया। जिससे यह दौरा और भी सुखद बन गया।

### उपस्थित पदाधिकारी और आभार व्यक्त

इस सुखद भ्रमण में मंडल अध्यक्ष खिलेश्वर साहू, जिला पंचायत सभापति बीरम मंडावी, जनपद सभापति हेमिन साहू, मंडल महामंत्रीद्वय डोमेन पटेल और रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष हनीफ कुरैशी, उपाध्यक्ष कुमारसाय साहू और अंजनी शर्मा, सह कोषाध्यक्ष राजाराम साहू, मंत्री रीना कुलदीप, मंजू साहू, एस. कुमार सिन्हा, सांस्कृतिक प्रभारी कीर्ति गंगासागर, मीडिया प्रभारी चित्रांगन साहू, सह मीडिया प्रभारी गौरव अग्रवाल, सोशल मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा, सह सोशल मीडिया प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुकृत साहू, जनपद प्रतिनिधि विष्णु साहू, सरपंच प्रतिनिधि गैंदलाल साहू और खेमराज गंगा सागर उपस्थित रहे।

## कोपेडीह पंचायत में बारिश के बावजूद पीने के पानी की किल्लत, घरों तक नहीं पहुंच रहा जल



राजनांदगांव (दावा)। जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कोपेडीह (देवादा) में बारिश के दिनों में भी लोग पीने के पानी के लिए भटक रहे हैं। ग्रामीणजनों ने बताया कि गांव में नल जल योजना से पानी तो आता है, लेकिन घरों तक नहीं पहुंच रहा है।

ग्रामीणों ने आगे बताया कि जब से नल खुलने वाले को नियुक्त किया है। तब से लोगों को पानी की दिक्कत होनी शुरू हो गई है। खासकर महिलाओं ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि गांव के सौर ऊर्जा में ढक्कन खुला होने के कारण उसमें जीव-जंतु घुस जाते हैं। जिससे अनजान लोग पानी पीने से उसके स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है। ग्रामीणजनों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि सौर ऊर्जा में ढक्कन को पूर्ण बंद किया जाए और नल जल योजना से पानी नहीं पहुंच रहा है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है, ताकि लोगों को समय पर पानी मिल सके।

## कुलपति की टिप्पणी पर फेडरेशन ने जताई नाराज़गी, राष्ट्रपति व राज्यपाल को सौंपा ज्ञापन



खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) इकाई ने बुधवार को जिला प्रशासन को दो अलग-अलग ज्ञापन सौंप गया। पहला ज्ञापन इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो (डॉ.) लवली शर्मा द्वारा गैर-शिक्षक कर्मचारियों पर की गई कथित अमर्यादित टिप्पणी के संबंध में राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम से दिया गया।

वहीं दूसरा ज्ञापन मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव को 11 सूत्रीय लंबित मांगों के निराकरण के लिए सौंपा गया।

फेडरेशन के जिला संयोजक ने कहा कि कुलपति जैसे गरिमामयी पद पर बैठे व्यक्ति को अपने अधीनस्थ सभी कर्मचारियों का सम्मान करना चाहिए। उन्होंने जोर देकर कहा, 'हमने अब तक अपने चरणबद्ध आंदोलन को पूरी तरह शांतिपूर्ण रखा है। संघ के किसी भी सदस्य ने कुलपति या विश्वविद्यालय के विरुद्ध कोई अमर्यादित भाषा का प्रयोग नहीं किया। लेकिन कुलपति प्रो (डॉ.) लवली शर्मा के द्वारा हमें 'अभिशाप' कहना अत्यंत निंदनीय है। यदि वे सार्वजनिक रूप से क्षमा नहीं मांगतीं, तो हम ऐसी कुलपति को बर्दाश्त नहीं करेंगे।' ज्ञापन में कुलपति प्रो (डॉ.) लवली शर्मा के बयान को न सिर्फ कर्मचारियों का अपमान बताया गया। बल्कि इसे छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सामाजिक न्याय और संवैधानिक मूल्यों के विरुद्ध भी करार दिया गया है।

### 11 सूत्रीय मांगों पर चेतावनी, 22 अगस्त से प्रदेशव्यापी आंदोलन की तैयारी

फेडरेशन के ज़िला महासचिव और छुईखदान के ब्लॉक शिक्षा अधिकारी रमेंद्र कुमार डड़सेना ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर 11 सूत्रीय लंबित मांगों को लेकर भी ज्ञापन सौंपा गया है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि इस बार भी इन मांगों की अनदेखी की गई तो संघ 22 अगस्त से प्रदेशव्यापी जंगी आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

## दिग्विजय में 23 को बायो की सूची होगी जारी, एससी-एसटी की सीटें रिक्त

**जिले के सभी कॉलेजों में अंतिम दाखिला 31 तक**



राजनांदगांव (दावा)। जिले के सभी महाविद्यालयो में विद्यार्थियों की भर्ती की प्रक्रिया अभी जारी है। शहर के दिग्विजय महाविद्यालय में लगभग 70 फीसदी से अधिक सीटें भर? चुकी हैं। लेकिन एससी व एसटी की सीटें अभी तक भरी नहीं जा सकी है। बताया जा रहा है कि इसके लिए संभवतः चौथी सूची जारी हो? सकती है। वहीं बायो के लिए 23 जुलाई को सूची जारी होने वाली है। हालांकि बताया जा रहा है कि जिले के सभी कालेजों में दाखिला की अंतिम तिथि 31 जुलाई है। लेकिन प्राचार्य चाहे अथवा विवि कुलपति के हस्तक्षेप से तिथि मे थोड़ी बहुत बदलाव हो सकती है वहीं उनकी अनुशंसा से विद्यार्थियों को दाखिला दिया जा सकता है।

### कम्प्यूटर कैफेप हुंचकर आनलाइन आवेदन करने जुटे विद्यार्थी

बता दें कि महाविद्यालयो में दाखिला के लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई तय कर दिए जाने से विद्यार्थी कम्प्यूटर कैफे पहुंचकर अधिक से अधिक आनलाइन आवेदन भरने में जुटे हुए हैं। अंतिम तिथि के बाद महाविद्यालयों में रिक्त सीटों पर स्व9 हेमचंद यादव विश्वविद्यालय-दुर्ग के कुलपति की अनुशंसा पर विद्यार्थियों को कालेज में दाखिला मिल पाएगा।

ज्ञात हो कि स्व. हेमचंद यादव विश्वविद्यालय-दुर्ग प्रबंधन के निर्देश के बाद जिले के सभी शासकीय और निजी महाविद्यालय में विद्यार्थियों को दाखिला दिया जा रहा है । विद्यार्थी अपने मन पसन्द महाविद्यालय में दाखिला लेने के लिए आनलाइन आवेदन भरे रहे हैं। दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि महाविद्यालय में दाखिला लेने की अंतिम तिथि 31 जुलाई तय है।

शहर के उक्त दिग्विजय महाविद्यालय सहित शासकीय शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, कमला कालेज सहित निजी महाविद्यालयों में भी विद्यार्थी अधिक से अधिक दाखिला लेते नजर आ रहे हैं। चूंकि विद्यार्थियों की सबसे ज्यादा पसंद दिग्विजय महाविद्यालय है इसलिए अधिकतर विद्यार्थी इस कालेज में दाखिले के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रहे हैं।

इस शासकीय कालेज में बीए बीकॉम बीएससी मैथ्स, बायो सहित अन्य व्यावसायिक पाठ्यक्रमों में सर्वाधिक सीटें होने की वजह से विद्यार्थी यहां अधिक से अधिक दाखिला लेते हुए दिखाई दे रहे हैं।

### 23 को जारी होगी बायो की सूची

दिग्विजय कालेज के रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा ने बताया कि महाविद्यालय में मेरिट के आधार पर दाखिला दिया जा रहा है। महाविद्यालय में एससी व एस टी की सीटें छोड़ दें तो अधिकतर सीटें भरी जा चुकी है। बायो की सूची 23 जुलाई को जारी होगी। उन्होंने बताया कि दाखिला की अंतिम तिथि के बाद महाविद्यालय के प्राचार्य व दुर्ग वि0वि0 के कुलपति की अनुशंसा पर विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जा सकता है।

## गुलमोहर कॉलोनी की खुमान साव संगीत अकादमी में कराओके ट्रैक पर विशेष प्रशिक्षण

राजनांदगांव (दावा)। संगीत प्रेमियों के लिए एक शानदार अवसर लेकर खुमान साव संगीत अकादमी सामने आई है। गुलमोहर कॉलोनी ममता नगर गली नंबर 3 में स्थित यह अकादमी अब पुराने नगमों की मधुर धुनों को सीखने और अपनी आवाज को निखारने का विशेष मौका दे रही है। यहां कराओके ट्रैक पर पुराने हिंदी फिल्मी गीतों की विशेष ट्रेनिंग दी जा रही है।

इस प्रशिक्षण में संगीत के हर पहलू जैसे कि सुर, ताल और भाव, को बारीकी से सिखाया जा रहा है। यह अकादमी उन सभी के लिए एक बेहतरीन मंच है जो लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और आशा भोंसले जैसे दिग्गज गायकों के अमर नगमों को अपनी आवाज में उतारना चाहते हैं। अकादमी में अनुभवी संगीत प्रशिक्षकों की देखरेख में हर उम्र के संगीत प्रेमियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। सीखने वालों को लाइव कराओके ट्रैक पर अभ्यास करवाया जा रहा है, जिससे उन्हें मंच पर प्रस्तुति देने की बेहतर तैयारी मिल सके। यह सुविधा संगीत प्रेमियों को उनके पसंदीदा गानों को सही ढंग से सीखने और आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करने में मदद करेगी।

## उद्यानिकी महाविद्यालय पेंड्री में ड्रोन कार्यशाला का सफल आयोजन





राजनांदगांव (दावा)। पंडित किशोरीलाल शुक्ला उद्यानिकी महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र, पेंड्री में 18 जुलाई को एनएफ्लाई (ऑनफ्लाई) प्राइवेट लिमिटेड राजनांदगांव के सहयोग से 'बागवानी में ड्रोन की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम के दौरान एनएफ्लाई प्राइवेट लिमिटेड के एक पेशेवर ड्रोन पायलट, शुभम जैन ने बागवानी में ड्रोन के उपयोग और अनुप्रयोगों पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने आधुनिक कृषि पद्धतियों में ड्रोन तकनीक के महत्व पर प्रकाश डाला गया। विशेष रूप से कीटनाशकों और उर्वरकों के प्रयोग तथा बागवानी फसलों में रोगों और कीटों के संक्रमण के निदान और निगरानी के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। कार्यशाला में अधिष्ठाता डॉ. उमेश देशमुख ने अपने संबोधन में सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि यह प्रशिक्षण उन लोगों के लिए बेहद उपयोगी है जो ड्रोन में रुचि रखते हैं। चाहे वे पेशेवर रूप से इसका उपयोग करना चाहते हों या सिर्फ इसके बारे में अधिक जानना चाहते हों। इस ड्रोन कार्यशाला में छात्रों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और उन्नत बागवानी तकनीकों के बारे में जानने में अत्यधिक उत्साह और रुचि दिखाई। इस अवसर पर डॉ. मेधा शाह, एनएसएस अधिकारी डॉ. वर्षा कुमारी, डॉ. संगीता, डॉ. किशन कुमार शर्मा, डॉ. मीनाक्षी मेश्राम, डॉ. ममता पटेल, डॉ. सुरभि वर्मा, डॉ. खुशबू सहित सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## जिपं सीईओ सुरुचि सिंह ने शासन की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यकमों की विस्तृत समीक्षा की




राजनांदगांव (दावा)। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत सभाकक्ष में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों तथा अन्य महत्वपूर्ण विषयों की विस्तृत समीक्षा की। जिला पंचायत सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत राज्य कार्यालय से प्राप्त द्वितीय किश्त की राशि के लिए प्राप्त लक्ष्य को 30 सितंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवास प्लस में चेकर्स को 31 जुलाई तक सत्यापन कार्य पूरा करने कहा।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को जल्द से जल्द प्रथम किश्त की राशि देने के निर्देश दिए। एनपीसीआई कराने का दायित्व आवास मित्रों को देने कहा। उन्होंने बताया कि रूरल मेशन ट्रेनिंग सभी ब्लाक में आरसेटी के माध्यम से दिया जाएगा। जिसके लिए छुरिया एवं डोंगरगांव में जल्द से जल्द काउंसलिंग कराने निर्देशित किया। निर्माणाधीन आवास को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। जिला पंचायत सीईओ ने जनपद पंचायत राजनांदगांव अंतर्गत ग्राम पंचायत अंजोरा एवं टेड़ेसरा की परिसम्पत्तियों की जानकारी गुगलशीट में एन्ट्री कराने के निर्देश दिए।

जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने स्वच्छता सर्वेक्षण के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की संयुक्त टीम बनाकर मिशनमोड में सर्वे का कार्य पूर्ण करने निर्देंशित किया। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण टीम द्वारा जल्द से जल्द जिले का भ्रमण किया जाएगा। स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार अधिकारी सभी स्वच्छता गतिविधियों को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण के तहत खुले में शौच मुक्त स्थिति, अपशिष्ट प्रबंधन, सहभागिता और स्थायी ढांचे सहित अन्य मापदंडों पर गांवों का मूल्यांकन किया जाएगा। साथ ही सिटीजन फीडबैक भी एक अहम बिंदु होगा। जिसके लिए ग्रामीणों को मोबाइल एप के माध्यम से राय देने हेतु प्रेरित किया जाए।

गांव-गांव में बैनर, पोस्टर, ऑडियो संदेश, नुक्कड़ नाटक व सोशल मीडिया प्रचार के माध्यम से नागरिकों को जागरूक करें। प्रत्येक गांवों में 6-7 दक्ष एवं शिक्षित लोगों का समूह बनाएं, ताकि सर्वे टीम के समक्ष प्रजेन्टेंशन दे सके। ग्रामीणों को यूजर चार्ज देने के लिए प्रेरित करें। साथ ही अभियान चलाकर यूजर चार्ज का संग्रहण करें। बैठक में ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट प्लान्ट को चालू हालत में रखने तथा आस-पास साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। जिला पंचायत सीईओ ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत राजमिस्त्री का प्रशिक्षण पूर्ण कराने निर्देशित किया। मृत्यु दावा की सूची जल्द से जल्द उपलब्ध कराने कहा गया। इंटरप्राईजेस फायनेंस के कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। पीएमश्री योजनान्तर्गत प्रगतिरत कार्यों को शीघ्र पूरा करने, जनदर्शन के प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देशित किया। बैठक में संबंधित जिला अधिकारी, जिला पंचायत एवं जनपद पंचायत क्षेत्र के सभी संबंधित अधिकारी शामिल हुए।

## पेट्रोल-डीजल के दाम कम होने से लोगों को मिलेगी राहत - राजेश गुप्ता अग्रहरि

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ प्रभारी राजेश गुप्ता अग्रहरि ने देश के पेट्रोलियम मंत्री हरजीत पुरी द्वारा पेट्रोल-डीजल के दाम आने वाले दिनों में कम होने की बात कहे जाने को अच्छी खबर बताया और कहा कि पेट्रोल-डीजल के दाम कम होने से आम जनता को काफी राहत मिलेगी।



श्री अग्रहरि ने कहा कि लगातार रुस और युक्रेन के बीच चला आ रहा युद्ध तथा इजरायल व गांजा पट्टी सहित फिलिस्तीन व इरान के साथ हो रहे युद्ध के चलते क्रूड आयल व पेट्रोलियम उत्पाद के दाम काफी महंगे हो गए हैं। इसका असर पेट्रोल-डीजल के दामों पर भी पड़ रहा है। पेट्रोल- डीजल वाले वाहनों से सामानों के परिवहन होने के कारण जींसों के दामों में वृद्धि होती है तो महंगाई को बढ़ाने वाला साबित होता है। इस सबके बावजूद भारत में पेट्रोल-डीजल का दाम काफी अंकुश में रहा है, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीपपुरी का यह कथन बहुत ही महत्वपूर्ण है कि, यदि मौजूदा वैश्विक हालात ऐसे ही बने रहे और कच्चे तेल की क़ीमते 67 डालर के बजाय 65 डालर के आसपास बनी रहे तो कुछ ही दिनों में इसके कीमतों में कमी आ सकती है।

श्री अग्रहरि ने कहा कि यदि ऐसा होता है तो निश्चित ही आम जनता को इससे काफी राहत मिलेगी। आवश्यक जींसों की कीमतों में भी गिरावट आ सकती है।

# मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव : 93 फीसदी लोगों ने किया मतदान, हार-जीत को लेकर लगे दांव

**0 मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव के प्रचार बाद आज शाम 4 बजे तक मतदान के साथ संपन्न हुआ**

**0 पुलिस की मौजूदगी में आदिवासी समाज ने किया उग्र प्रदर्शन, पुलिस अलर्ट पर रही**






डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में 15 दिन से चल रहे मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट चुनाव के प्रचार बाद आज शाम 4 बजे तक मतदान के साथ संपन्न हुआ। रविवार की सुबह 7 बजे से 8 घंटे तक तीनों श्रेणी के 2943 मतदाताओं में से 2760 मतदाताओं ने मतदान किया। देखा जाए तो पिछले कई वर्षों से चले आ रहे इस धर्मार्थ चुनाव पहली बार 93 प्रतिशत मतदान हुआ है। जिसको लेकर भी इस धार्मिक चुनाव को लेकर समीकरण बैठाना दोनों ही पेनलों के लिए मुश्किल साबित हो रहा है। इस बार तीनों ही श्रेणी में मनोज अग्रवाल सेवादल पैनल का पडला भारी होने की चर्चा ज्यादा सुनने को मिली। जबकि भैय्याजी पेनल, नारायण अग्रवाल पेनल भी अपनी जीत का दावा करते नजर आए। संरक्षण श्रेणी में 522 मतदाताओं में 491 मत, आजीवन श्रेणी में 884 मतदाताओं में 804 मत और साधारण श्रेणी में 1537 में 1465 मतदाताओं ने मतदान किया। बताया जा रहा है कि आजीवन श्रेणी में सेवा दल का पडला भारी है। साधारण श्रेणी में सेवा दल के साथ-साथ निर्दलीय ने भी दमखम दिखाया है। जबकि संरक्षण श्रेणी में कांटे की टक्कर होनी बताई जा रही है। कल प्रातः सुबह 7 बजे से शुरू होने वाली मतगणना को लेकर शहर में जीत-हार को लेकर जमकर दांव लगने की भी खबर सामने आई है। देखा जाए तो सट्टा बाजार में मनोज अग्रवाल सेवा दल पैनल के पक्ष में ज्यादा बाजार गर्म होने की जानकारी भी सामने आई। चुनाव परिणाम सोमवार को घोषित किए जाएंगे।

रविवार को डोंगरगढ़ शहर पूरे दिन पुलिस छावनी में तब्दील रहा। माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति के चुनाव के दौरान सर्व आदिवासी समाज ने मंदिर ट्रस्ट में 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग को लेकर आपत्ति दर्ज कराई और उग्र प्रदर्शन किया। इसे देखते हुए प्रशासन ने सुबह से ही शहर की सीमा से लगे विभिन्न चौक-चौराहों पर बैरिकेट लगाकर भारी पुलिस बल तैनात कर दिया था। इसके बावजूद हजारों की संख्या में सर्व आदिवासी समाज के सदस्य निर्धारित स्थान पर पहुँचे और रैली के रूप में एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। पुलिस प्रशासन पूरे दिन अलर्ट मोड पर रहा और आंदोलन पर कड़ी नजर रखी, ताकि कोई अप्रिय घटना न हो। दूसरी ओर सुबह से ही मंदिर ट्रस्ट समिति के दोनों पैनल और निर्दलीय प्रत्याशी मतदाताओं को लुभाने में जुटे रहे।

### सीसीटीवी से रखी गई निगरानी

तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ सीसीटीवी कैमरा के साथ-साथ बड़े पैमाने पर पुलिस सुरक्षा बल की निगरानी में मतदान संपन्न कराया गया। एडिशनल एसपी राहुल देव शर्मा, एसडीओपी आशीष कुंजाम, तहसीलदार नीलकंठ सहित अनेक अधिकारी-कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### ट्रस्ट समिति पर गंभीर आरोप और विवाद की जड़

प्रदर्शन के दौरान सर्व आदिवासी समाज के नेताओं ने माँ बम्लेश्वरी मंदिर ट्रस्ट समिति पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना है कि माँ बम्लेश्वरी आदिवासी उइके गोत्र की आराध्य देवी हैं, इसलिए इस मंदिर का प्रबंधन आदिवासी समाज द्वारा ही किया जाना चाहिए। समाज का आरोप है कि कुछ लोगों ने मंदिर पर कब्जा कर आदिवासी समाज को दरकिनार कर दिया है। यह उल्लेखनीय है कि इस मंदिर का निर्माण खैरागढ़ राज के राजा कमल नारायण सिंह ने करवाया था। जो देवी भक्त थे और कई देवी जस तथा पचरा के रचयिता भी रहे। समय के साथ, मंदिर ट्रस्ट समिति और मंदिर का पुनर्निर्माण खैरागढ़ के तत्कालीन राजा वीरेंद्र बहादुर सिंह ने 1976 में करवाया और ट्रस्ट को दान देकर मंदिर का प्रबंधन सौंप दिया। तभी से यह ट्रस्ट समिति पारंपरिक रूप से मंदिर का प्रबंधन कर रही है। हालांकि, आदिवासी समाज के आंदोलन के बाद डोंगरगढ़ में अब एक नया विवाद खड़ा हो गया है। आदिवासी समाज ने प्रशासन को अपनी माँगें पूरी करने के लिए तीन महीने का समय दिया है और माँगें पूरी नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है।

# डॉ. रमन सिंह और अभिषेक सिंह ने श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह को दी श्रद्धांजलि





राजनांदगाँव (दावा)। आज पूर्व मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने रॉयल किड्स कॉन्वेंट स्कूल के संस्थापक डॉ. जे.बी. सिंह की माताजी व पूर्व प्रशासक श्री लाल शंकर बहादुर सिंह की धर्मपत्नी स्वर्गीय श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए उनके निवास पर पहुंचे। उनके साथ पूर्व सांसद अभिषेक सिंह भी मौजूद थे।

### बचपन की स्मृतियों को साझा किया

विधायक डॉ. रमन सिंह ने श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह के साथ अपने बचपन की स्मृतियों को साझा करते हुए बताया कि माँ जी ने उन्हें अपने बेटे जयंत बहादुर सिंह की तरह ही प्यार और स्नेह दिया। उन्होंने कहा कि माँ जी का आशीर्वाद हमेशा उन पर बना रहा।

### सिंह परिवार को ढांढस बंधाया

डॉ. रमन सिंह ने इस अवसर पर पूरे सिंह परिवार को ढांढस बंधाया और पारिवारिक बातें कीं। उन्होंने आनंद बहादुर सिंह, डॉ. सविता जे.बी. सिंह, संजय बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, श्रेयांश बहादुर सिंह, श्रीमती प्रीति सिंह, श्रीमती भारती सोमवंशी, श्रीमती आरती सिंह, श्रीमती जागृति सिंह से भी बातचीत कर उन्हें संबल दिया।

### श्रद्धांजलि अर्पित की

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और अभिषेक सिंह ने श्रीमती अन्नपूर्णा देवी सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की तथा परमेश्वर से इस दुख की बेला को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# डॉ. रमन ने शोक संतप्त व्यास परिवार से मिलकर संवेदना व्यक्त की

छग के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत संध्या 7:30 बजे स्पीकर हाउस पहुंचे। यहां कार्यकर्ताओं से मुलाकात के बाद वे रात्रि 8 बजे सीधे डॉ. रमन सिंह वरिष्ठ पत्रकार राजेंद्र व्यास की धर्मपत्नी और सेवानिवृत्त शिक्षिका अलका व्यास के दुखद निधन पर शोक संवेदना व्यक्त करने उनके हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित निवास पहुंचे। वहां उन्होंने अलका व्यास के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान डॉ. रमन सिंह के साथ जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सचिन बघेल, अशोक चौधरी, सुमित भटिया, गोलू प्रशांत गुप्ता, युवा मोर्चा के अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह, राजा माखीजा, प्रखर श्रीवास्तव और अन्य कई नेता उपस्थित थे।

# आस्था मूक-बधिर शाला परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित





राजनांदगांव (दावा)। चैम्बर ऑफ कॉमर्स, जिला इकाई एवं आस्था मूकबधिर शाला के संयुक्त तत्वावधान में शाला परिसर में 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें आगत अतिथियों द्वारा हवादार व फलदार पौधों का रोपण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य रूप से पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थित दी। कार्यक्रम के शुभारंभ में स्वागत उद्बोधन चेंबर के अध्यक्ष कमलेश बैद ने कहा कि चैंबर ऑफ कॉमर्स का कार्य व्यापारियों को संगठित कर कार्य करने के अलावा शासन-प्रशासन के साथ जुड़कर सामाजिक स्तर पर भी कार्य कर रहा है। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने आस्था मूकबधिर शाला के अध्यक्ष महेंद्र सुराना से शाला की गतिविधियों को जाना और बच्चों के नृत्य कला की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम में पधारे महापौर मधुसूदन यादव, पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख ने आस्था मूकबधिर शाला को परिवार स्वरूप बताया उनका कहना है कि मन की शांति के लिए आप आस्था का प्रयोग करें, जो कि एक परिवार की तरह संचालित हो रही है।

### 'एक पेड़ मां के नाम आह्वान की सराहना'

इस अवसर पर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने शाला के बच्चों के हौसले की दाद दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना एक पेड़ मां के नाम का आह्वान किया और इस शहर के दानदाताओं एवं संस्था संचालनकर्ताओं को कृतज्ञता व्यक्त की। मंच संचालन के माध्यम से आस्था मूकबधिर शाला के सचिव राजेश जैन ने समा बांधा तो वही दीप प्रज्जवलित में आस्था मूकबधिर शाला की सह-सचिव निकहत परवीन ने सरस्वती वंदना गाकर सुरों की छठा बिखेरी।

संयुक्त रूप से इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य घर-घर में एक पेड़ मां के नाम लगाना है। इस सावन की हरियाली में सफल सिद्ध होता नजर आ रहा है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से कोमल सिंह राजपूत जिला भाजपा अध्यक्ष, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रदेश उपाध्यक्ष विनोद डढ्डा, ज्ञानचंद बाफना, भीमन धनवानी, विनोद बोहरा, संदीप नवलखा, हर्ष चितलांग्या, ललित भंसाली, रानू जैन, रवि सिन्हा, शिव अग्रवाल, अरुण डुलानी, ऋषभ नाहटा, ओम कांकरिया, भागचंद गिड़िया, राजा मखीजा, विजय कांकरिया, पार्षद शेखर यादव, आस्था के संरक्षक हेमंत तिवारी, सचिव राजेश जैन, सहसचिव निकहत परवीन, मीनू खंडेलवाल, राकेश शर्मा, विजय जोशी, नलिन कोठारी, संगीता अग्रवाल, शिव राठी, संगीता शुक्ला, सुधा पवार, मंजू रानी साहू, मोना गोसाई, सदर पाटा ग्रुप, आस्था परिवार, चैंबर परिवार एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित होकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई।

# जंगल से खेत में आए हिरण के शावक की पीट-पीटकर हत्या



कवर्धा (दावा)। कवर्धा जिले में शिकारियों के हौसले इतने बुलंद हो गए हैं कि वे अब खुलेआम वन्यजीवों का शिकार कर रहे हैं। ताजा मामला कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत नेऊर से लगे बीट क्रमांक 477 का है। जहां जंगल से खेत में आए एक हिरण के शावक को मांस के लालच में एक व्यक्ति ने पीट-पीटकर मार डाला।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी रात के अंधेरे में मृत शावक को ले जाने की फिराक में था, लेकिन इसी बीच ग्रामीणों की नजर खेत के मेड़ पर पत्तों से ढंके खून से सने शावक के शव पर पड़ गई। मृत हिरण के सिर पर चोट के गहरे निशान थे। ग्रामीणों का आरोप है कि खेत के मालिक ने ही हिरण को मांस के लिए मारा है और उसे छिपाने के लिए पत्तों से ढक दिया था। ग्रामीणों ने तुरंत इस घटना की सूचना वन विभाग को दी।

### सवालों के घेरे में वन्यजीवों की सुरक्षा

इस घटना ने वन्य प्राणियों की सुरक्षा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए वन विभाग द्वारा प्रत्येक बीट पर वनरक्षकों की ड्यूटी लगाई जाती है, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि वनकर्मी अक्सर चौकीदारों के भरोसे जंगल को छोड़कर अपने घरों को चले जाते हैं। वे तभी मौके पर आते हैं, जब किसी अधिकारी का दौरा होता है। ऐसे में वन्यजीवों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही रहती है। जिसका फायदा उठाकर शिकारी बेखौफ होकर वन्यजीवों का शिकार करते हैं। यह घटना वन विभाग की कार्यप्रणाली और वन्यजीव संरक्षण के प्रति उनकी गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाती है और अधिकारियों से इस मामले में ठोस कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# हरित परिषद की राष्ट्रीय बैठक संपन्न : 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान पर 22 राज्यों ने की चर्चा




राजनांदगांव (दावा)। वन एवं पर्यावरण जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद इकाई (भारत) की राष्ट्रीय बैठक और प्रशिक्षण कार्यक्रम 'मंथन 2025' का हाल ही में हरियाणा टूरिज्म के फरीदाबाद स्थित सूरजकुंड में सफल आयोजन हुआ। इस बैठक में 22 राज्यों के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन ने भाग लिया। जहां पर्यावरण संरक्षण, वन विस्तार और जलवायु परिवर्तन से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर गहन चर्चा की गई।

छत्तीसगढ़ से चेयरमैन पुनीत कुमार और राजनांदगांव के वाइस चेयरमैन नीलेश श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय बैठक में हिस्सा लिया और पर्यावरण संरक्षण के महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया। इस कार्यक्रम में परिषद के केंद्रीय बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स के साथ-साथ केंद्रीय प्रशासनिक टीम भी उपस्थित थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता राहुल द्विवेदी जी ने की।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में विक्रम शर्मा जो सेंट्रल डायरेक्टर एजुकेशन एंड ट्रेनिंग बोर्ड से हैं, ने परिषद की कार्यप्रणाली, राज्य स्तर पर संचालन की रणनीति और संगठनात्मक दक्षता पर विस्तार से जानकारी दी और मार्गदर्शन प्रदान किया। पी.आर. शर्मा सेंट्रल सलाहकार ने भी सभी परिषद सदस्यों को महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए।

राजनंदगांव के वाइस चेयरमैन नीलेश श्रीवास्तव ने बैठक में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। जिनकी उपस्थित लोगों ने काफी सराहना की। श्रीवास्तव ने जोर दिया कि हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश पूरी तरह से वन्य आधारित है, ऐसे में खासकर उन क्षेत्रों में जहां पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता का अभाव है। वहां लोगों को जागरूक किया जाना चाहिए। इसके लिए हम सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी और जनता की भागीदारी भी सुनिश्चित करनी पड़ेगी।

राष्ट्रीय चेयरमैन राहुल द्विवेदी ने सभी राज्यों से आए प्रतिनिधियों का स्वागत किया और कहा कि पर्यावरण के क्षेत्र में सभी बेहतरीन काम कर रहे हैं। उन्होंने जोर दिया कि आपसी तालमेल से इसे और बेहतर बनाकर पर्यावरण और जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में काम करना है। इस बैठक में हरितसैनिक अभियान, ग्राम वन योजना, वृक्षमित्र योजना आदि विषयों पर गंभीरता से विचार-विमर्श किया गया। परिषद भारत सरकार की सभी योजनाओं को अपनी प्रमुख परियोजनाओं के रूप में शामिल कर रही है। इसके साथ ही यह 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों और योजनाओं पर भी काम कर रही है। जिसकी परिकल्पना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की थी। त्रिवेणी पौधारोपण इस अभियान में एक महत्वपूर्ण योजना साबित हो रही है।

# घायल चीतल को ग्रामीणों ने बचाया, कुत्तों ने किया था हमला



डोंगरगांव (दावा)। थाना क्षेत्र के ग्राम आसरा में रविवार को खेत में भटककर आए एक घायल चीतल को ग्रामीणों ने बचाकर वन विभाग को सौंप दिया। बताया जा रहा है कि यह चीतल अपने झुंड से बिछड़कर खेतों में भटक गया था। जिस पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया था।

घटना की जानकारी सबसे पहले ग्रामीण लखन साहू को मिली। उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। जिसके बाद सरपंच शरद वैष्णव के मार्गदर्शन में छोटू जगने, खुमान साहू, ओगेश्वर साहू, रामु निषाद, नरेंद्र, लक्ष्य, सुरेश और अन्य ग्रामीण मौके पर पहुँचे। ग्रामीणों ने सक्रियता दिखाते हुए कुत्तों के हमले से चीतल को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल चीतल को इलाज के लिए गांव के साहू भवन लाया गया, जहाँ उसे प्राथमिक उपचार दिया गया। इसके बाद वन विभाग को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर राजनांदगांव उडनदस्ता की वन विभाग टीम गांव पहुँची और घायल चीतल को अपने सुपुर्द ले लिया। ग्रामीणों के इस सराहनीय कार्य की पूरे क्षेत्र में जमकर प्रशंसा हो रही है। जिन्होंने वन्य जीव संरक्षण के प्रति अपनी संवेदनशीलता का परिचय दिया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्पाईन विभाग
डॉ. घनश्याम बिसेन सासापारधी
MBBS, MS, Mch, NEUROSURGERY (PGI Chandigarh)
- रीढ़ की हड्डी में चोट या फ्रेक्चर
- रीढ़ की हड्डी में ट्यूमर
- डिस्क प्रोलेप्स
- पीठ दर्द एवं कमर दर्द
- सायटिका
- Spine TB (Pott's Spine) एवं रीढ़ की हड्डी से संबंधित सभी प्रकार की बीमारियों के विशेष ईलाज की सुविधा
हड्डी रोग विभाग
डॉ. रितेश एन. भोस्कर
MBBS, DNB (ORTHOPEDICS), FELLOWSHIP IN ART JROPLASTY
- HIP (कुल्हा), Knee (घुटना) रिप्लेसमेंट एवं ज्वाइंट रिप्लेसमेंट
- ब्रेन एक्सीडेंट एवं ट्रामा
- सभी प्रकार के फ्रेक्चर
- पीठ दर्द या कमर दर्द (सायटिका)
- कमर में टेढ़ापन
- आर्थोस्कोपी द्वारा घुटने के लिंगामेंट का पुर्ननिर्माण
24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

# प्रियंक सोनी बने बुंदेलखंडी सोनी समाज के अध्यक्ष



राजनांदगांव (दावा)। बुंदेलखंडी सोनी समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक बीते 19 जुलाई को डोंगरगांव में समाज के वरिष्ठ सदस्यों की मेजबानी में संपन्न हुई। इस अवसर पर सर्वसम्मति से प्रियंक सोनी को बुंदेलखंडी सोनी समाज का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया। डोंगरगांव की ओर से अतुल सोनी ने सभी गणमान्य अतिथियों का मंच पर स्वागत किया। बैठक की शुरुआत में नव मनोनीत अध्यक्ष प्रियंक सोनी का सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में प्रियंक सोनी ने समाज की एकता और उत्थान पर विशेष जोर दिया। उन्होंने समाज को संगठित करने और उसके विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर प्रियंक सोनी ने अपनी नई कार्यकारिणी के सदस्यों और बुंदेलखंडी सोनी पंचायत प्रमुखों के नामों की भी घोषणा की। डोंगरगांव के सदस्यों द्वारा नव नियुक्त पंचायत प्रमुखों का सम्मान किया गया।

डोंगरगांव सामाजिक बैठक आयोजन समिति के अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का डोंगरगांव में बैठक आयोजित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। समाज की ओर से डोंगरगांव के सभी सदस्यों को इस भव्य और गरिमामय आयोजन के लिए विशेष आभार व्यक्त किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी राजेश सोनी (कन्हैया) ने दी।

**बुंदेलखंड स्वर्णकार समाज की नई कार्यकारिणी (2025) सदस्य सूची में बुंदेलखंड सोनी पंचायत प्रमुख :** भोला नाथ सोनी, गोविंद प्रसाद सोनी, डॉ. रमेश कुमार सोनी, ईश्वरचंद सोनी, राजेश सोनी (उपहार ज्वेलर्स), संरक्षक मंडल : प्रकाशचंद सोनी (डोंगरगांव), लीलाधर बड़ोनिया, नंदकिशोर सोनी, वृंदावन सोनी (डोंगरगांव), राजेश सोनी (गांधी चौक), जुगल किशोर सोनी, विशेष वरिष्ठ कार्यकारिणी : रमेश चंद सोनी (डोंगरगांव), किशोर सोनी, प्रहलाद सोनी, संतोष सोनी (ममता नगर), लक्ष्मी नारायण सोनी, मोहन लाल सोनी (दल्ली वाले), राजेश सोनी (दीनदयाल कॉलोनी), जवाहर लाल सोनी, मुख्य कार्यकारिणी : अध्यक्ष- प्रियंक जगदीश प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष- संजय सोनी (ब्लू डायमंड सिटी), सह उपाध्यक्ष- उमाशंकर सोनी, सचिव- विकास सोनी, सह सचिव- विजय कुमार सोनी, कोषाध्यक्ष- विपुल सोनी, सह कोषाध्यक्ष- जयनारायण सोनी, मीडिया प्रभारी- राजेश कुमार सोनी (कन्हैया), सह मीडिया प्रभारी- मनीष कुमार सोनी, कार्यक्रम प्रभारी- शुभम सोनी, सह कार्यक्रम प्रभारी- सुमित सोनी, सांस्कृतिक सचिव- अतुल सोनी, सह सांस्कृतिक सचिव- हिमांशु सोनी एवं अनुभव आलोक सोनी, कार्यकारिणी सदस्य- रविन्द्र सोनी (डोंगरगांव), राजीव सोनी (डोंगरगांव), अरविंद सोनी (डोंगरगांव), अनुज सोनी, प्रीतेश सोनी, विजय सोनी (चौखड़िया पारा), मोतीलाल सोनी, दिनेश सोनी, अमित सोनी (रायपुर), सूरज सोनी (रायपुर), योगेश सोनी (मोहारा), प्रणय सोनी (चीकू), हरिवंश सोनी (लड्डू), अंकित सोनी आदि को बनाया गया है।

श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
- सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
- 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
- ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
- पार्किंग की समुचित व्यवस्था
- सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
- भवन में लिफ्ट की सुविधा
शुभ विवाह तथा सभी मांगलिक कार्यों हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो नं. 9300725521, 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com